शुक्रवार, 28 मार्च 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 39 – 25 |
| आर्द्रता | 40% |
| सूर्योदय: 5:34 | सूर्यास्त: 17:51 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।
www.samagya.in
# समाज्ञा
कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष चतुर्दशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : रिश्तों को वक्त पर वक्त देना उतना ही जरूरी है जितना वक्त पर पौधों को पानी देना।



लखनऊ ने हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

-पृष्ठ 8

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास

# भारत कोई धर्मशाला नहीं, अशांति के लिए आने वालों से कठोरता से निपटेंगे: शाह



- सरकार के पास दस्तावेजों की जांच का पूरा अधिकार हैं
- दुनिया की सबसे सूक्ष्म अल्पसंख्यक आबादी भारत में सुरक्षित

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार की प्रवासन नीति को कठोरता और करुणा का मिश्रण करार देते हुए बृहस्पतिवार को लोकसभा में दो टूक कहा कि "भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी जब चाहे यहां आकर रह जाए"। उन्होंने सदन में 'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत में व्यापार, शिक्षा और शोध के लिए आने वालों का स्वागत होगा, लेकिन गलत उद्देश्य से और अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ भारत में दाखिल होने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा। शाह के जवाब के बाद सदन ने कुछ विपक्षी सांसदों के संशोधनों को खारिज करते हुए'आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025' को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा, "हमारे देश में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए हमें यह जानने का अधिकार है।" गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कई बार लोग सवाल उठाते हैं कि शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है और किसी शरणार्थी नीति की हमें जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, "भारत भू सांस्कृतिक देश है, भू राजनीतिक देश नहीं है...भारत का शरणार्थियों के प्रति एक इतिहास रहा है। पारसी भारत में आए। इजराइल से यहूदी भागे तो भारत में आ रहे हैं।" शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में छह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित लोगों को भारत ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के माध्यम से शरण दी है। उन्होंने कहा, "घुसपैठ करने वालों को रोकेंगे, नागरिकता उन्हें ही मिलेगी जिन्होंने पड़ोसी देशों में विभाजन की विभीषीका झेली है और अत्याचारों का सामना किया है।" उन्होंने कहा कि जो कानून तोड़ेंगे उन पर सरकार की कड़ी नजर होगी। शाह ने कहा कि जहां भारत प्रवासियों का स्वागत करता है, वहीं भारत से गए प्रवासियों ने दुनिया भर में भारत की समृद्ध विरासत को पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विश्व छोटा हो रहा है और पूरी दुनिया के अर्थतंत्र की सूची में भारत एक 'ब्राइट स्पॉट' बनकर उभरा है, एक विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा है और ऐसे में देश में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। उनका कहना था कि यदि विदेशों से लोग भारत के अर्थतंत्र को मजबूत करने, व्यापार करने, शिक्षा और शोध के लिए आते हैं तो उनका स्वागत किया जाएगा। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यदि बांग्लादेशी और रोहिंग्या अशांति फैलाने के लिए आते हैं तो फिर कठोरता से निपटा जाएगा।

### 'ममता सरकार की कृपा से खुली है 450 किलोमीटर सीमा, वहीं से घुसपैठ'

अमित शाह ने बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर उठे सवालों के जवाब देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी अगुवाई वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर भी हमला बोला। उन्होंने फेंसिंग के आंकड़े भी सदन में बताए। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि बांग्लादेश से लगती 112 किलोमीटर की सीमा पर नदी-नाले हैं जिनकी वजह से फेंसिंग नहीं हो सकती। 450 किलोमीटर सीमा पर फेंसिंग नहीं हुई है और ये फेंसिंग केवल पश्चिम बंगाल सरकार के कारण रुकी है। उन्होंने कहा कि मैंने खुद लेटर लिखे लेकिन पश्चिम बंगाल सरकार जमीन नहीं दे रही है। जहां फेंसिंग लगाने जाते हैं वहां सत्ताधारी पार्टी का कैडर हुड़दंग करता है, धार्मिक नारे लगाता है। अमित शाह ने कहा कि हो सकता है कि इस भाषण के बाद ममता (बनर्जी) जी भूमि दे भी दें। हम 450 किलोमीटर फेंसिंग कर देंगे। तब भी 112 किलोमीटर नदी-नाले हैं, कठिन भौगोलिक परिस्थितियां हैं। वहां फेंसिंग नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या जितने घुसपैठ करके आते हैं, उनके आधार कार्ड कहां के हैं? वे नागरिक कहां के हैं? गृह मंत्री शाह ने कहा कि जितने भी घुसपैठिए पकड़े गए हैं, उन सबके पास 24 परगना के आधार कार्ड मिले हैं। दिल्ली में चुनाव चल रहे थे, इसलिए बोलना उचित नहीं लगा। अब देश की जनता को सत्य बताया है। उन्होंने टीएमसी को घेरते हुए कहा कि आपकी कृपा से 450 किलोमीटर सीमा खुली है। वहीं से घुसपैठ है, वहीं नागरिक बनते हैं, आधार कार्ड बनते हैं और देशभर में फैल जाते हैं।

### अमित शाह के आरोपों पर टीएमसी का पलटवार

अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार पर अवैध घुसपैठियों को संरक्षण देने के आरोपों का जवाब देते हुए टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि हम किसी भी अवैध प्रवासी को भारत में प्रवेश की अनुमति नहीं दे रहे हैं, केंद्र सरकार केवल पश्चिम बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है सांसद ने कहा कि कुछ अन्य राज्य अवैध घुसपैठियों को शरण दे सकते हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल ऐसा नहीं कर रहा। बीजेपी झूठ फैला रही है क्योंकि उनकी नजर बंगाल चुनावों पर है, लेकिन वे हारेंगे।

## आत्महत्या की धमकी देना या कोशिश करना क्रूरता, यह तलाक का वैध आधार: बंबई उच्च न्यायालय

**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने एक मामले की सुनवाई के दौरान व्यवस्था दी कि जीवनसाथी द्वारा आत्महत्या की धमकी देना या प्रयास करना 'क्रूरता' के समान है और यह तलाक का वैध आधार है। उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ के न्यायमूर्ति आर एम जोशी ने पिछले महीने अपने आदेश में एक दंपति के विवाह को भंग करने संबंधी पारिवारिक अदालत के आदेश को बरकरार रखा। महिला ने पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। पति ने पारिवारिक अदालत में तलाक की अर्जी देते हुए आरोप लगाया था कि पत्नी ने उसे और उसके परिवार को आत्महत्या करके जेल भेजने की धमकी दी थी। उसने पारिवारिक न्यायालय में तलाक देने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधानों के तहत क्रूरता है। उच्च न्यायालय की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि पति और अन्य गवाहों द्वारा पारिवारिक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत साक्ष्य पर्याप्त रूप से यह प्रदर्शित करते हैं कि पति द्वारा क्रूरता का किया गया दावा सही है। अदालत ने कहा कि व्यक्ति ने न केवल यह आरोप लगाया है कि पत्नी उसे और उसके परिवार को आत्महत्या करके जेल भेजने की धमकी देती थी, बल्कि वास्तव में एक बार उसने अपनी जान लेने का प्रयास भी किया था।

## 'तोड़ना आसान है, जोड़ना मुश्किल', ऑक्सफोर्ड में मुख्यमंत्री ममता ने सर्वधर्म सद्भाव का दिया संदेश

### मुख्यमंत्री ने कहा : 'बंगाल विविधता के बीच एकता की भूमि हैं, सरकार सभी के लिए करती हैं काम'



**लंदन/कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विश्व प्रसिद्ध ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में एक बार फिर देश की सांस्कृतिक राजधानी का गौरव बढ़ाया। गुरुवार को ऑक्सफोर्ड में 'सामाजिक विकास - बालिकाओं, बच्चों और महिलाओं का सशक्तीकरण' विषय पर अपने बहुप्रतीक्षित भाषण में उन्होंने मां, मिट्टी और लोगों के इस राज्य की सद्भावना और सर्वधर्म सद्भावना की तस्वीर पेश की। उन्होंने संसार के रहस्यमय सत्य को सरल शब्दों में समझाया - तोड़ना आसान है, जोड़ना कठिन! उनके अनुसार, विभाजन करना आसान है, एकता बनाए रखना कठिन है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भाषण गुरुवार को लंदन में स्थानीय समयानुसार शाम 5.30 बजे शुरू हुआ। विषय था 'सामाजिक विकास - बालिकाओं, बच्चों और महिलाओं का सशक्तिकरण'। इस पर बोलते हुए ममता ने अपने भाषण में बंगाल के सद्भाव और एकता के माहौल का मुद्दा उठाया। ममता बनर्जी ने श्री रामकृष्ण, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी और उनकी शिक्षाओं के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि बंगाल विविधता के बीच एकता की भूमि है। दूसरे राज्यों के निवासी यहां आते हैं, यह उनका घर बन गया है। वे अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं। हम किसी को नहीं बांटते है, चाहे वो छात्र, किसान या फिर मजदूर है। हमारी सरकार जाति या धर्म की परवाह किए बिना सभी के लिए काम करती है। मैं खुद को केवल एक इंसान कहलाना पसंद करती हूं। एक बात जान लीजिए, बांटना आसान है, लेकिन एकता बनाए रखना मुश्किल है। मुख्यमंत्री ने बंगाल की विविधता के बारे में बात करते हुए कुछ आंकड़े पेश किए। उन्होंने कहा कि बंगाल की कुल आबादी 11 करोड़ है। इनमें से 33 प्रतिशत अल्पसंख्यक हैं। यानी मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, आदिवासी है। 23 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियां हैं। हम सभी से प्यार करते हैं, चाहे उनका धर्म या जाति कुछ भी हो। हम सभी के लिए काम करते हैं। ममता ने आगे कहा कि दुनिया मानवता के बिना काम नहीं कर सकती।

### मुख्यमंत्री ममता ने बंगाल में रोजगार के सवालों पर दिया सीधा जवाब

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के केलॉग कॉलेज में 'सामाजिक विकास - बालिकाओं, बच्चों और महिलाओं का सशक्तिकरण' विषय पर भाषण के दौरान जटिल समस्या पैदा हो गई। बंगाल के उद्योग-अनुकूल माहौल का वर्णन करते हुए, श्रोताओं के एक वर्ग ने सिंगुर से टाटा के निष्कासन के मुद्दे पर सवाल उठाए। श्रोताओं की ओर से प्रश्न आया कि टाटा चले गए है, अब बंगाल में उद्योग कहां है? आप झूठ बोल रही हैं! इस पर, ममता बनर्जी ने तुरंत जवाब दिया और कहा कि आप अच्छे से इस पर जानकारी लीजिए। बंगाल में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कॉग्निजेंट हैं। मैं बिल्कुल झूठ नहीं बोल रही हूं। उन्होंने आगे कहा कि यहां टाटा की कार फैक्ट्री नहीं स्थापित हुई है। लेकिन, यहां टाटा की दूसरी कंपनियों के ऑफिस हैं। इसलिए, मैं झूठ नहीं बोल रही हूं।

## होटल कमरे का किराया 7,500 रुपये से अधिक होने पर रेस्तरां सेवाओं पर लगेगा 18 प्रतिशत जीएसटी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि वित्त वर्ष में किसी भी समय कमरे का किराया 7,500 रुपये प्रतिदिन से अधिक वसूलने वाले होटल को अगले वित्त वर्ष के लिए 'निर्दिष्ट परिसर' माना जाएगा और ऐसे परिसरों के अंदर प्रदान की जाने वाली रेस्तरां सेवाओं पर इनपुट टैक्स क्रेडिट के साथ 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। एक अप्रैल, 2025 से, ऐसे रेस्तरां जो होटलों के अंदर संचालित होते हैं, उनकी करयोग्यता आपूर्ति के मूल्य (लेन-देन मूल्य) के आधार पर होगी। यह 'घोषित शुल्क' की व्यवस्था की जगह लेगा। सीबीआईसी ने 'निर्दिष्ट परिसर में आपूर्ति की गई रेस्तरां सेवा' विषय पर जारी अक्सर पूछे जाने वाले सवालों (एफएक्यू) में कहा है , "एक अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाली अवधि के लिए, पिछले वित्त वर्ष में होटल आवास की आपूर्ति का मूल्य, यानी उक्त आपूर्ति के लिए लिया गया लेनदेन मूल्य, यह निर्धारित करने का आधार होगा कि होटल आवास सेवा प्रदान करने वाला परिसर चालू वित्त वर्ष में अनिवार्य रूप से 'निर्दिष्ट परिसर' की श्रेणी में आता है या नहीं।"

## कठुआ एनकाउंटर में जम्मू-कश्मीर पुलिस के 3 जवान शहीद, 2 आतंकी ढेर

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के घने जंगलों में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच जबर्दस्त मुठभेड़ में 2 आतंकवादी मारे गए, जबकि जम्मू-कश्मीर पुलिस के 3 जवान शहीद हो गए हैं, जबकि दो अन्य घायल हो गए. ये मुठभेड़ उस आतंकवाद विरोधी ऑपरेशन का हिस्सा है, जो पिछले 4 दिनों से कठुआ के जंगलों में चल रहा है.सूत्रों के अनुसार चार से पांच आतंकवादी घने जंगलों में छिपे हुए थे. सुरक्षाबलों ने जुथाना क्षेत्र में उनकी सटीक लोकेशन का पता लगा लिया, जिसके बाद भारी गोलीबारी शुरू हो गई. ये मुठभेड़ जखोले गांव के पास हुई।

## ट्रंप की आयातित वाहनों व घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा

### अप्रैल से होगा लागू



**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह आयातित वाहनों व घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा रहे हैं। व्हाइट हाउस का दावा है कि इससे घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर वाहन विनिर्माताओं पर वित्तीय दबाव भी पड़ सकता है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, "इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। हम प्रभावी रूप से 25 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे।" शुल्क से व्हाइट हाउस को सालाना 100 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व मिलने की उम्मीद है। हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि अमेरिकी वाहन विनिर्माता भी अपने कई कलपुर्जे व घटक दुनिया भर से खरीदते हैं। अप्रैल से शुरू होने वाली कर वृद्धि का मतलब है कि वाहन विनिर्माताओं को उच्च लागत और कम बिक्री का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, ट्रंप का तर्क है कि शुल्क के कारण अमेरिका में और अधिक कारखाने खुलेंगे तथा वह "बेकार" आपूर्ति श्रृंखला समाप्त हो जाएगी, जिसके माध्यम से अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में वाहन कलपुर्जों और तैयार वाहनों का विनिर्माण किया जाता है। ट्रंप ने अपने द्वारा हस्ताक्षरित शुल्क निर्देश के प्रति अपनी गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा, "यह स्थायी (फैसला) है।" राष्ट्रपति ने कहा कि वाहनों पर शुल्क तीन अप्रैल से वसूला जाना शुरू किया जाएगा।

## मेरठ पुलिस चेतावनी : सड़क पर नमाज पढ़ी तो रद्द हो सकता है पासपोर्ट

**मेरठ (उप्र) :** ईद-उल-फितर और रमजान के आखिरी शुक्रवार की नमाज से पहले, मेरठ पुलिस ने सड़क पर नमाज अदा करने वालों के खिलाफ सख्त चेतावनी जारी की है और कहा है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी जिसके तहत उनके पासपोर्ट और ड्राइविंग लाइसेंस भी रद्द किए जा सकते हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने कहा है कि ईद की नमाज स्थानीय मस्जिदों या नामित ईदगाहों में अदा की जानी चाहिए और कोई भी व्यक्ति सड़कों पर नमाज ना पढ़े। सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, " पिछले साल कुछ लोगों ने निर्देशों का उल्लंघन किया और सड़कों पर प्रार्थना की। इस मामले में 80 से अधिक लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस बार नियम का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में पहले ही नोटिस जारी किए जाने का जिक्र करते हुए सिंह ने चेतावनी दी कि सड़क पर नमाज पढ़ने वाले लोगों के पासपोर्ट और लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा, यदि किसी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं तो उसके पासपोर्ट और लाइसेंस रद्द किए जा सकते हैं और अदालत से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के बिना नया पासपोर्ट प्राप्त करना मुश्किल हो जाएगा।

## आईसीएआई अब साल में तीन बार सीए अंतिम परीक्षा आयोजित करेगा

**नयी दिल्ली :** आईसीएआई ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की अंतिम (फाइनल) परीक्षाएं साल में तीन बार आयोजित करने का निर्णय लिया है। मौजूदा समय में यह परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती है। आईसीएआई ने बृहस्पतिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप है और इससे छात्रों को अधिक अवसर मिलेंगे। पिछले वर्ष आईसीएआई ने फाउंडेशन और इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम की परी-क्षाएं वर्ष में तीन बार आयोजित करने का निर्णय लिया था। अब अंतिम परीक्षा भी प्रतिवर्ष तीन बार आयोजित की जाएगी।

## प्रधानमंत्री मोदी 30 मार्च को नागपुर का दौरा करेंगे, आरएसएस संस्थापक हेडगेवार के स्मारक जाएंगे



**नागपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30 मार्च को अपने नागपुर दौरे पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ.केशव बलिराम हेडगेवार के स्मारक जाएंगे और माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर के विस्तार भवन की आधारशिला रखेंगे। हेडगेवार और आरएसएस के द्वितीय सरसंघचालक एम. एस. गोलवलकर के स्मारक नागपुर के रेशिमबाग क्षेत्र में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर में स्थित हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बृहस्पतिवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। बावनकुले ने बताया, "प्रधानमंत्री मोदी पूर्वाह्न 9.30 बजे यहां पहुंचेंगे। वह माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर के विस्तार भवन की आधारशिला रखेंगे। वह आरएसएस के डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर, रेशिमबाग और दीक्षाभूमि के साथ-साथ 'सोलर एक्सप्लोसिव प्लांट' का भी दौरा करेंगे।" माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर के कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत भी शामिल होंगे। बावनकुले ने बताया कि शहर के 47 चौराहों पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करने के लिए भाजपा बड़े पैमाने पर तैयारियां कर रही है। आरएसएस के इतिहास के एक जानकार ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "यह पहली बार है कि प्रधानमंत्री रहते हुए कोई नेता डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर परिसर आएंगे।" उन्होंने बताया कि भाजपा के शीर्ष नेता रहे अटल बिहारी वाजपेयी ने 2007 में स्मारक का दौरा किया था, लेकिन वह उस समय प्रधानमंत्री नहीं थे।

### रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन करेंगे भारत का दौरा, पीएम मोदी के निमंत्रण को किया स्वीकार

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को बताया कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने भारत का दौरा करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी) द्वारा 'रूस और भारत: एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर' विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए लावरोव ने कहा, 'पुतिन के भारत दौरे के लिए फिलहाल तैयारी की जा रही है।' रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी समाचार एजेंसी 'टीएएसएस' के हवाले से कहा, 'राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने भारत सरकार के प्रमुख के दिल्ली दौरे के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। रूसी राष्ट्राध्यक्ष की भारतीय गणराज्य की यात्रा की फिलहाल तैयारी की जा रही है।' लावरोव ने कहा कि पिछले साल फिर से चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की सबसे पहली विदेश यात्रा रूस की थी। उन्होंने कहा, 'अब हमारी बारी है।' हालांकि, यात्रा की तारीखों का अभी खुलासा नहीं किया गया है।

सप्तम् पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि



रीमा देवी जायसवाल
आप 29.03.2017 को परलोक गमन कर गयीं।
भगवान आपकी आत्मा को शान्ति प्रदान करें।
शोकाकुल :
राधेश्याम जायसवाल (पति)
रेशमा जायसवाल (सास), अशोक-सुषमा (पुत्र-पुत्रवधू), मनोज-सोनी (पुत्र-पुत्रवधू), मोनिका-सोनू (पुत्री-दामाद) राजाराम, धरमराज, घनश्याम, प्रदीप (देवर), विग्यांश, वेदांश, शौर्य, अवनीश (पौत्र)
R S ENTERPRISES
45/42, M S P C Lane, Howrah-711101



Ram Naresh Jaiswal
M: 9830913810
Dinesh Timber Co.
Dealers :
All types of Timber, Plywood, Shuttering Woods & Shuttering Plywood.
19, Orphangunge Road, Kolkata-700023(Near Taj Bengal Hotel)
Phone: 033 2479 3089 E-mail: timberply@hotmail.com

## फैसले को पलट सुप्रीम कोर्ट ने दिखायी राह

विगत 17 मार्च को आया इलाहाबाद हाईकोर्ट का जो फैसला पिछले दिनों पूरे देश में सवालों के घेरे में था, सुप्रीम कोर्ट ने उस पर रोक लगाकर न्याय की संवेदनशीलता को संबल दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को लेकर महिला संगठनों व बौद्धिक वर्गों में तल्ख प्रतिक्रिया देखी जा रही थी। यहां तक कि महिला संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया था। शीर्ष अदालत के जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने माना कि फैसला न केवल असंवेदनशील है बल्कि अमानवीय नजरिया भी दर्शाता है। जिसके चलते इस फैसले पर रोक लगाना आवश्यक हो जाता है। बेंच ने माना कि फैसला लिखने में संवेदनशीलता की कमी दृष्टिगोचर होती है। कोर्ट का मानना था कि जब फैसला चार माह तक सुरक्षित रखने के बाद सुनाया गया तो यह नहीं कहा जा सकता कि इस पर गंभीर मंथन नहीं हुआ। वहीं शीर्ष अदालत ने इस मसले पर केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार को भी नोटिस जारी किया है। उल्लेखनीय है कि सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले की निंदा की। दरअसल, विवाद इस बात को लेकर हुआ कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि पीड़िता किशोरी के स्तनों को छूना व पायजामे की डोरी तोड़ना बलात्कार या बलात्कार की कोशिश नहीं माना जा सकता। उल्लेखनीय है कि यह मामला उत्तर प्रदेश के कासगंज जनपद के पटियाली थाना क्षेत्र में एक किशोरी से जुड़ा था, जिसके बाबत जस्टिस राममनोहर नारायण मिश्रा ने यह विवादित फैसला दिया था। इस एकल पीठ का कहना था कि मामले में तथ्यों व आरोपों के आधार पर तय करना संभव नहीं है कि बलात्कार का प्रयास हुआ था। जिसके लिये अभियोजन पक्ष को सिद्ध करना था कि अभियुक्तों का यह कदम अपराध करने की तैयारी के लिये था। दरअसल, इसी के मद्देनजर देश में फैसले के खिलाफ तल्ख प्रतिक्रिया देखी गई।

दरअसल, इलाहाबाद हाईकोर्ट की एकल पीठ का कहना था कि दुराचार करने की कोशिश और अपराध की तैयारी के बीच के अंतर को सही ढंग से समझना चाहिए। हाईकोर्ट ने निचली अदालत को आईपीसी व पॉक्सो एक्ट की हल्की धाराओं में मुकदमा चलाने की अनुमति दी थी। उल्लेखनीय है कि यह घटना साल 2021 में एक नाबालिग लड़की के साथ हुई थी। जिसमें तीन युवकों ने लड़की से बदतमीजी की थी और उसके प्राइवेट पॉर्टस को छुआ तथा पुल के नीचे घसीटकर उसके पायजामे की डोरी तोड़ी थी। जिसे पास से गुजरने वाले ट्रैक्टर चालकों ने बचाया था। स्थानीय पुलिस से जब किशोरी के परिजनों को मदद नहीं मिली तब उन्होंने न्याय के लिये कासगंज की विशेष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जहां अभियुक्तों पर आईपीसी की धारा 376 व पॉक्सो एक्ट की धारा 18 लगाई गई। जिसको अभियुक्तों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसी मामले में आए इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ लोगों में नाराजगी देखी गई। माना गया कि इसका समाज में गलत संदेश जाएगा और महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। इसके चलते ही एक महिला संगठन वी द वूमेन ऑफ इंडिया ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। कालांतर सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में स्वत: संज्ञान लिया। उल्लेखनीय है कि एक ऐसे ही मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच के फैसले को पलट कर कानून की संवेदनशीलता को संबल दिया था। तब भी सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2021 में कहा था कि किसी बच्चे के यौन अंगों को यौन इरादे से छूना पॉक्सो अधिनियम की धारा 7 के तहत यौन हिंसा माना जाएगा। अब चाहे इसमें त्वचा का संपर्क नहीं हुआ हो। कोर्ट का मानना था कि अभियुक्त का इरादा ज्यादा मायने रखता है। दरअसल, इस मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट की महिला जज ने अभियुक्त को इस आधार पर बरी करने का फैसला लिया था कि त्वचा से त्वचा का संपर्क नहीं हुआ था। निस्संदेह, ऐसे गंभीर मामलों में घटनाक्रम की संवेदनशीलता को मद्देनजर रखना जरूरी होता है। जिसका समाज में सकारात्मक संदेश जाए और महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 मार्च, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, चैत्र कृष्णपक्ष चतुर्दशी, 19:52 तक, नक्षत्र : पूर्वभाद्रपदा, 21:59 तक, योग : शुभा, 05:49 तक, सूर्योदय: 5:34, सूर्यास्त: 17:51, चन्द्रोदय : 04:37, चन्द्रास्त: 16:46, शक सम्वत: 1946 क्रोधी, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 10:10 से 11:41

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन शुभ है। महत्वाकांक्षी लोगों को सफलता मिलेगी। कारोबार में तरक्की के योग हैं। आपके सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा से सामान्य लाभ होगा।

**वृष :** वृषभ राशि वालों को सावधानी से काम करना चाहिए, वरना आपको नुकसान हो सकता है। किसी से बिना वजह झगड़ा हो सकता है। इससे आपको नुकसान हो सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों का आज किसी काम में मन नहीं लगेगा। निराशा का अनुभव होगा। राजनीति से जुड़े लोगों के काम में रुकावट आ सकती है। अच्छे कामों से मन प्रसन्न रहेगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए आज का दिन सफलता से भरा रहेगा। भाग्य आपका साथ देगा। आप जो चाहेंगे, वो कर पाएंगे। आपकी तरक्की होगी। जीवनसाथी और व्यापारियों को लाभ होगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। आपकी रुचि अच्छे काम में बनी रहेगी। जिस योजना पर काम कर रहे हैं, उसमें सावधानी बरतें। पदोन्नति के अवसर मिलेंगे। व्यापार में मुनाफा होगा।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए आज करियर में लाभ का दिन है। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति से मन प्रसन्न होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा।

**तुला :** तुला राशि वालों को करियर में लाभ होगा। सुख के साधनों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। किसी की मदद से नया काम शुरू कर सकते हैं। व्यावसायिक प्रयास सफल होंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों को लाभ होगा। आप दूसरों से काम निकलवाने में सफल होंगे। आपका दिन अच्छे कार्य को पूरा करने में बीतेगा। दूसरों की मदद करने से आत्मसंतुष्टि मिलेगी।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। आपको करियर के मामले में लाभ होगा। आसपास का माहौल विपरीत रहेगा। धैर्य और अच्छे व्यवहार से माहौल को ठीक करेंगे।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए लाभ का दिन है। नई डील से अचानक धन लाभ होगा। काम करते या गाड़ी चलाते समय चिंता को हावी न होने दें। धन संबंधी मामलों में सफलता मिलेगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को लाभ होगा। व्यापार में योजनाएं सफल होंगी। बड़ी सफलता मिलने से खुशी होगी। झगड़े को बातचीत से सुलझाएं। रात का समय घूमने-फिरने में बिताएंगे।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए दिन खुशियों से भरा रहेगा। पराक्रम बढ़ेगा। नए करियर शुरू करने वालों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

# बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन: संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर प्रश्नचिन्ह



डॉ ब्रजेश कुमार मिश्र

5 अगस्त 2024 को बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना ने त्यागपत्र दे दिया। बांग्लादेशी सेना द्वारा उन्हे बांग्लादेश से भारत जाने में मदद की गयी। यह उपमहाद्वीप के लिए एक रोचक घटना थी। हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के सात महीने बाद भी बांग्लादेश जल रहा है। आखिर बांग्लादेश में ऐसा क्या हुआ कि अचानक से वहाँ हिंसा का दौर शुरू हो गया और प्रधानमंत्री के पदच्युत हो जाने के बाद भी जारी है। 1 जुलाई से 5 अगस्त 2024 के बीच जो हिंसक झड़पें हुई, उन्हें जुलाई क्रांति नाम दिया गया। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद अन्तराष्ट्रीय राजनीति के क्षितिज पर इस परिवर्तन के पीछे जो षड्यंत्र उभर कर सामने आया, उसमें अमेरिकी प्रशासन को जिम्मेदार ठहराया गया। उस समय इससे सम्बन्धित खबरें निरन्तर मीडिया में प्रसारित होती रहीं। शेख हसीना ने सत्ता से हटने के बाद इस बात का स्वयं खुलासा किया था कि उनकी सरकार गिराने के पीछे अमेरिकी साजिश थी। उन्होंने दावा किया कि अगर उन्होंने सेंट मार्टिन द्वीप की संप्रभुता अमेरिका को सौंप दी होती तो वह सत्ता में बनी रह सकती थीं परन्तु हाल ही में बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के पीछे एक और षड्यंत्र का पटाक्षेप हुआ है।

वस्तुतः संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क के द्वारा विगत 5 मार्च को बी.बी.सी के हार्डटॉक कार्यक्रम में दिए गए साक्षात्कार से ज्ञात हुआ कि इसमें संयुक्त राष्ट्र का हाथ है।हार्डटॉक कार्यक्रम में वोल्कर टर्क ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने बांग्लादेश की सेना को चेतावनी दी थी कि यदि वह जुलाई-अगस्त 2024 के छात्र आंदोलनों के प्रतिकार का प्रयास करती है तो उसे संयुक्त राष्ट्र शांति-मिशनों से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। जुलाई और अगस्त 2024 में अविभेद छात्र आंदोलन ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जिसके कारण प्रधानमंत्री शेख हसीना का 15 वर्षों का शासन 5 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया। तीन दिन बाद मुहम्मद युनूस ने अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार का पदभार ग्रहण किया। वोल्कर टर्क ने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र के हस्तक्षेप से ही यह संभव हो सका।

टर्क का यह भी कहना था कि छात्रों पर व्यापक दमन हो रहा था और उनकी सबसे बड़ी आशा संयुक्त राष्ट्र की आवाज थी। संयुक्त राष्ट्र द्वारा बांग्लादेशी सेना को दी गयी चेतावनी का प्रतिफल रहा कि आज बांग्लादेश की स्थिति में बदलाव आया है। आगे उन्होंने कहा मुहम्मद युनूस के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र ने एक तथ्य-जांच मिशन भेजा। रिपोर्ट के अनुसार, 1 जुलाई से 5 अगस्त 2024 के बीच करीब 1,400 लोगों की मौत हुई जिनमें कई अल्पसंख्यक समुदायों के लोग शामिल थे। हजारों लोग घायल हुए, और व्यापक दमन हुआ।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने 12 फरवरी को एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बांग्लादेश की पूर्व सरकार, सुरक्षा एजेंसियों और अवामी लीग समर्थकों पर 2023 के छात्र विरोध प्रदर्शनों के दमन में मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप लगाए गए। रिपोर्ट के अनुसार जिन 1,400 लोगों की मौत हुई उनमें 12-13 प्रतिशत बच्चे भी थे। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी, मनमानी गिरफ्तारियां और यातनाएं राजनीतिक नेतृत्व के निर्देश पर की गईं। महिलाओं और बच्चों को भी निशाना बनाया गया। संयुक्त राष्ट्र की जांच टीम, जिसमें फोरेंसिक विशेषज्ञ भी शामिल थे, ने सितंबर 2024 में बांग्लादेश में काम करना शुरू किया। टीम ने विश्वविद्यालयों, अस्पतालों और विरोध स्थलों का दौरा कर 900 से अधिक गवाहों की गवाही दर्ज की। रिपोर्ट में निष्पक्ष जांच और न्याय की आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि बांग्लादेश में जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। रिपोर्ट के अनुसार ये अपराध अंतरराष्ट्रीय अपराधों की श्रेणी में आ सकते हैं और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा जांच योग्य हैं। इसे सत्ता में बने रहने की सरकार की सुनियोजित रणनीति बताया गया। मात्र 46 दिनों में 1,400 से अधिक लोग मारे गए जिनमें अधिकांश सुरक्षा बलों के हाथों मारे गए थे। इस प्रतिवेदन की पड़ताल करने पर लगता है कि यह प्रतिवेदन एक पक्षीय तथ्य प्रस्तुत करता है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र एक वैश्विक शांति स्थापित करने वाली संस्था है किन्तु बांग्लादेश के मामले में टर्क के द्वारा जो विचार व्यक्त किया गया है ,वह स्वयं संयुक्त राष्ट्र की भूमिका पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। जो प्रतिवेदन विगत फरवरी माह में प्रस्तुत किया गया उसमें शेख हसीना की सरकार को जिम्मेदार ठहराया गया है किन्तु 5 अगस्त के बाद अल्पसंख्यकों पर हुई हिंसा के सन्दर्भ में इसी प्रतिवेदन के अध्याय 6 में यह कहा गया है कि अभी भी बांग्लादेश में मानवाधिकार हनन जारी है परन्तु इसके लिए जिम्मेदार कौन है, इस पर चुप्पी इस बात का द्योतक है कि संयुक्त राष्ट्र कहीं न कहीं इसका लाभ मुहम्मद युनूस को देना चाहता है।

टर्क के द्वारा व्यक्त विचार से ऐसा प्रतीत होता है कि संयुक्त राष्ट्र में तो इतनी सामर्थ्य नही है कि वह स्वयं कुछ कर सके जब तक कि अमेरिका ना चाहे। अब जब अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हो चुका है तो आने वाले दिनों मे इसका असर बांग्लादेश पर भी पड़ेगा। मुहम्मद युनूसपर लगातार चुनाव करने का दबाव है। देर-सबेर मुहम्मद युनूस को चुनाव करना ही होगा। इसकी सुगबुगाहट अब वहाँ नजर आने लगी है, इसकी शरुआत जितनी जल्दी हो उतना अच्छा होगा ,तभी जा कर बांग्लादेशी अवाम को सुकून की जिंदगी नसीब होगा। सहायक आचार्य, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

# हिन्दी कविता की आलोचना का नव स्वर संदर्भ कवि कर्म



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

हिन्दी कविता की आलोचना प्रक्रिया को डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने 'हिन्दी-कविता के प्रतिनिधि स्वर' नामक प्रामाणिक ग्रंथ लिखकर एक नई गति दी है, जिसका अपना नया स्वर है, जो स्वर विश्व मंच पर हिंदी कविता की सामर्थ्य को स्थापित करता है। डॉ. दुर्गा प्रसाद ने इस ग्रंथ के जरिये जहां एक तरफ आचार्य रामचंद्र शुक्ल की आलोचना पद्धति को समृद्ध किया है, वहीं उनका यह ग्रंथ नये विचारों को उड़ान भरने का न्यौता देता है। यह ग्रंथ भारतीय समाज-संस्कृति का प्रतिबिंब है, जो सामाजिक चेतना के साथ-साथ दार्शनिकता और ऐतिहासिकता का विश्लेषण करता है। इस पुस्तक से यह पता चलता है कि भिन्न-भिन्न कालखंडों में समाज की संवेदना, संघर्ष और सपने अलग होते हुए भी काव्य की अभिव्यक्ति की आत्मा एक होती है, जो आत्मा दुख दर्द के गीत प्रस्तुत करती है। यही संवेदना, यही संघर्ष, यही स्वप्न में गहरी चेतना को जन्म देते हैं, जो भारतीय संस्कृति और परंपरा को नई ऊर्जा देती है। हिन्दी साहित्य के आदिकाल से लेकर आधुनिक काल के विभिन्न पड़ावों पर हिन्दी कविता के स्वरों को वास्तविकता की धरती पर स्थापित करते हुए डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने चंदवरदाई से लेकर राजेश जोशी की कविताओं की छानबीन की है। भक्तिकाल की कविता यदि भक्ति से ओतप्रोत हो जाती है, तो क्या कारण है कि रीतिकालीन हिन्दी कविता श्रृंगार और आलंकारिता को अपनी पूंजी बनाती है। जिस कविता की पूंजी आंख की सुन्दरता हो, वह कविता आधुनिक काल तक आते आते किस तरह जागरण-विद्रोह की कविता बन जाती है। इन्हीं सारे सवालों के साथ दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि विकसित होती है। इसी विकासधारा के अन्तर्गत उन्होंने छायावाद की भावुकता को व्यक्त किया है। डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना कला शिखर की तरफ तब आगे बढ़ने लगती है, जब उन्होंने छायावाद के आत्मसंघर्ष को रचनात्मक संघर्ष के रूप में देखने का कार्य किया है। उनकी नजर में प्रगतिवाद-प्रयोगवाद-नयी कविता के आंदोलनों के यथार्थ भी सशक्त तरीके से उपस्थित हुए हैं। डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने ठीक ही लिखा है कि सामाजिक विषमता धीरे-धीरे कितनी विषाक्त हो गई है; इसके पीछे के सारे कारणों का उन्होंने पड़ताल की है। इस पड़ताल का यही निचोड़ है कि हिन्दी कविता ने विभिन्न युगों में अपने दायित्व को निभाया है, समाज के संघर्ष को आगे बढ़ाया है तथा सपने को हकीकत में बदलने की रचनात्मक पहल की है।

आलोचना को समाज उपयोगी बनाना कठिन कार्य है, इस कार्य को सहज करने की दिशा में डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने सकारात्मक प्रयास किया है, जो प्रयास इस उदारवादी हाहाकार के युग में सही अर्थों में सृजन का शंखनाद है। इस शंखनाद का अधिष्ठान धैर्य और कौशल है। इस अधिष्ठान ने हिन्दी कविता की आलोचना को विस्तार दिया है। कविता की पहचान को व्यापकता देते हुए आलोचक डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने प्राय: तीन दर्जन से अधिक कवियों की रचनात्मक भूमिका को स्वीकार किया है। अक्सर कविता की आलोचना करने वाले आलोचकों ने कविताओं और कवियों की महत्ता को समाज में स्थापित करते हुए अपनी बातों का ही विश्लेषण किया है, जबकि डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने सच की कसौटी पर कवियों को रखा है। यही कारण है कि उन्होंने 86 पृष्ठों में हिन्दी कविता के विभिन्न उत्थानों का मौलिक विवेचन किया है। इस विवेचन का ऐतिहासिक सच तब पता चलता है, जब डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना के दर्शन होते हैं।

हिन्दी कविता की विकासधारा का विवेचन करते हुए इस पुस्तक में उन्होंने सिद्ध किया है कि कविता की धारा सदा समाज को उन्नत बनाती है। कविता मिट्टी की उपज है। इसकी जमीन ताकत ही समाज की असली चाहत है। कविता सिर्फ युग को ही सम्बोधित नहीं करती है बल्कि कविता आने वाले समय को सम्बोधित करती है। इसके-सम्बोधन को मीमांसा तक पहुँचाने की आवश्यकता होती है। इसी मूल स्वर को डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने स्थापित किया है। उनकी आलोचना के केंद्र में यही है कि काल को सम्बोधित करने की अपेक्षा जिन्दगी को सम्बोधित करना सबसे दुरूह कार्य है। इस दुरूहता को दूर करना कवियों द्वारा संभव होता है। यही कारण है कि कवियों की उपादयेता पर गंभीरता से विचार करते हुए विमर्श के जमाने में जिन्दगी को आह्लादिनी शक्तियों से जोड़ना क्रियात्मक आयोजन का सच्चा उदाहरण है। इस उदाहरण को कायम करते हुए डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने कवि कर्म की सिर्फ जमीनी आलोचना ही नहीं की है; बल्कि आलोचना की जमीन की उन्होंने सिंचाई की है। इस संदर्भ में यह कहना अनुचित नहीं होगा कि किसी जमीन का भविष्य उसकी सिंचाई पर ही निर्भर करता है।

विभिन्न कालों में कवियों ने अपने समय को पहचाना है तथा उस पहचान को मर्यादा दी है। काल को आदर्श और यथार्थ की जमीन पर उपस्थित करने की कला में सिद्धस्त डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि ने कविता की जमीन को ऊर्वर बनाने की दिशा दी है। काल सापेक्षता की चर्चा तक उनकी कलम नहीं रूकती है बल्कि उनकी कलम काल सापेक्षता से आगे बढ़कर चर्चा करती है, जो कला यह बताती है कि जिन्दगी का नाम है वक्र रेखा पर चलना। उनकी आलोचना दृष्टि किसी रणनीति की तरह नहीं चलती है; इसलिए कि उनकी आलोचना दृष्टि खोने में ही पाने का सुकून अनुभव करती है।

डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना-दृष्टि की सबसे बड़ी विशेषता यह दिखती है कि इस आलोचना-दृष्टि में सदा हिन्दी व्याकरण को मान-सम्मान देने की परंपरा का ही सिर्फ निर्वहन नहीं होता है बल्कि व्याकरण की प्रक्रिया अनवरत जारी रहती है। अक्सर शब्दों के चयन, वाक्यों की रचना में बहकाव और भटकाव आलोचकों के लेखन में दिखता है, पर डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि का कमाल यही है कि इस आलोचना दृष्टि ने अपने विचार को समाचार नहीं बनने दिया है। देखा यह जाता है कि कविता के आलोचक कविता की मूल ध्वनि को उसकी जमीन से अलग करते हुए बैचारिक संघर्ष को गौण बना देते हैं तथा विचार को समाचार बना देते हैं। ऐसी गलती महान-महान आलोचक कर बैठते हैं; ऐसी गलती तब होती है, जब संक्रमण काल चलता है। इस बिन्दु की पहचान ही आलोचना को गति देती है, जैसा कि डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि ने 39 कवियों की कविताओं की पड़ताल करते हुए यह प्रमाणित किया है कि कविता की सामर्थ्य ही है युग के हाहाकार को पहचानना। कविता जब युग के हाहाकार को पहचानती है, तभी जाकर यह महसूस किया जाता है कि युग को बदलना क्यों जरूरी हो जाता है। मानव समाज विवेक की वकालत करता है, जो सकारात्मक बदलाव को ठोस आधार देता है। इस आधार का अध्ययन करते हुए उसकी मजबूती कायम करना कवि कर्म का प्रमुख लक्ष्य है। लक्ष्य को स्थापित करना आलोचना दृष्टि का प्रमुख कार्य है। इसका संपादन कर्तव्य के बिना अधूरा है। यही कारण है कि डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि की बनावट इतिहास और दर्शन के जरिये सम्पन्न हुई।

भारतीय मनीषा डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि में बोलती है, जो कर्त्तव्य पथ पर अग्रसर है। अक्सर यह देखा जाता है कि आलोचना दृष्टि एक तरह से विद्वात्ता का आतंक फैलाती है, जबकि दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि कविता और उसकी आलोचना के त्रास से मुक्ति दिलाती है। सवाल उठता है कि इस महती कार्य का सम्पादन करने में डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा को सफलता कैसे मिल जाती है, हालांकि इसकी चर्चा की गयी है लेकिन यह बताना जरूरी है कि डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने काल विभाजन की समस्याओं की सच्चाई को परखा है। इस सच्चाई ने उनकी आलोचना दृष्टि को साहस दिया है। साहस ही किसी कार्य को संपादित करने का न्यौता देता है, इस तथ्य को स्थापित करते हुए डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि यह भी बताती है कि कविता और उसका कर्म तभी मानव समाज के लिए उपयोगी साबित हो सकता है, जब पूरे समाज में रचना कर्म को समझा और परखा जाए। कवि कर्म की वकालत करते हुए डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि ने पाठकों की मर्यादा का पूरा ख्याल रखा है। उन्होंने अपनी आलोचना दृष्टि में बनावटी सच, अर्द्ध सत्य, झूठ को एक सिरे नकारने का काम किया है। किसी दानवी लीला को चुनौती देना उनकी आलोचना दृष्टि की इंद्रधनुषी पहचान है। यही कारण है कि उन्होंने सौ फूलो के खिलने पर विश्वास प्रकट किया है।

रचनात्मक कार्य ही विश्वास को जन्म देता है। इसी विश्वास को सामाजिक विश्वास में बदलने के लिए डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि ने महान-महान कवियों के कवि कर्म को स्थापित किया है। यह सही है कि कवि कर्म द्वारा ही एतिहासिक कार्यों का निर्माण होता है तथा कविता धीरे-धीरे इतिहास रचती है। इस समाज में कविता कैसे धीरे-धीरे हाहाकार को चुनौती देती है, इसका विश्लेषण ही डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा की आलोचना दृष्टि का सृजन है। इस सृजन ने हिन्दी कविता के क्रियात्मक आयोजन के यथार्थ को स्पष्ट करते हुए यह बताया है कि हर युग का अपना यथार्थ होता है जो गतिशील होता है। उसकी गतिशीलता ही कविता की जीवंतता है तथा जिन्दगी की परिवर्तनशीलता है। डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने कविता की परिवर्तनशीलता को शाश्वत मूल्य के रूप में स्थापित किया है। यही कारण है कि उन्होंने हिन्दी कविता के प्रतिनिधि स्वर को स्पष्ट करते हुए कविता की आलोचना का मानक भी तैयार किया है। डॉ. दुर्गा प्रसाद ओझा ने मानक स्थापित करने के लिए तर्क, मूल्य और सच को स्थापित किया है। साहित्यिक सच को स्थापित करने के लिए उन्होंने ऐतिहासिकता का सहारा नहीं लिया है बल्कि दार्शनिकता के आंगन में साहित्यिक सच के ध्वज को फहराया है; यही उनकी आलोचना दृष्टि की असलियत है।

## विदेश की खबरें

### पाकिस्तान: बलूचिस्तान में अलग-अलग आतंकी हमलों में आठ की मौत, 17 घायल

**कराची :** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार से अब तक संदिग्ध विद्रोहियों द्वारा किए गए दो अलग-अलग हमलों में कम से कम आठ लोग मारे गए और 17 घायल हो गए, जबकि तीन का अपहरण कर लिया गया। क्वेटा के बारेच मार्केट क्षेत्र में बृहस्पतिवार को पुलिस के एक वाहन के पास बम विस्फोट हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि एक मोटरसाइकिल में 'इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी)' छिपाकर रखा गया था, जो वहां खड़े पुलिस के एक वाहन के पास फट गया। उन्होंने बताया कि घायलों को सिविल अस्पताल ले जाया गया और उनमें से चार की हालत गंभीर है। इससे पहले, बुधवार की रात को ग्वादर जिले में उग्रवादियों ने पंजाब प्रांत के छह लोगों को एक यात्री बस से नीचे उतार लिया और गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गई। उग्रवादियों ने तीन यात्रियों का अपहरण भी कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हफीज बलूच ने बताया कि यह हमला प्रांत के ग्वादर जिले में उस समय हुआ जब बुधवार देर रात हथियारबंद लोगों ने ओरमारा राजमार्ग पर कलमत क्षेत्र के पास ग्वादर से कराची जा रही एक यात्री बस को रोक लिया एवं गोली मार दी। उन्होंने बताया कि पांच यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य ने बाद में बृहस्पतिवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा, 'हथियारबंद लोगों ने यात्रियों का पहचान-पत्र देखकर छह यात्रियों की हत्या कर दी और तीन अन्य को अपने साथ ले गए।' उन्होंने कहा कि सभी पीड़ित पंजाब प्रांत के थे। फिलहाल किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। उग्रवादियों ने ग्वादर बंदरगाह से खाद ले जा रहे तीन ट्रकों को भी सड़क पर अवरोध लगाकर रोक लिया और उनमें आग लगा दी। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने यात्री बस पर हमले की निंदा की और संबंधित अधिकारियों को जांच करने के साथ ही जिम्मेदार लोगों पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने कहा, 'आतंकवादी देश के विकास और बलूचिस्तान की समृद्धि के दुश्मन हैं। वे बलूचिस्तान में प्रगति नहीं देख सकते।'

## वर्ग पहेली नं. 3045



**बायें से दायें:-** 1) आघात चिराव; छिलन, 3) बच्चे के लिए प्यार का शब्द, 6) बेबस, 8) पाज़ेब, 9) बहते पानी का मंदध्वनि; झगड़ा *(घरेलू)*, 10) धड़ *(वृक्ष का)*, 12) तुरंत, 14) गुणग्राहक, 15) घमंड; कैफ़, 17) खाल, 18) ढेर को इधर-उधर करना, 21) एक सफेद कीड़ा जो कागज, लकड़ी आदि को नष्ट कर देता है, 23) एक राशि, 25) वन की आग, 28) कृषिकर, 29) अजा, 30) खरीदना.

**ऊपर से नीचे:-** 1) खदान मज़दूर; चूहा, 2) चमकीला, 3) पात्र, 4) सुधबुध, 5) फसल के रूप में बोये जानेवाले तेल के पौधे, 7) पानी, 11) सिख संप्रदाय के आदि गुरु, 12) मुख, 13) गदीला, 14) कलानिपुण, 16) परिणय, 17) एक पक्षी, 19) अत्याचार; कुचलाई; रौंदाई, 20) घ्राणेन्द्रिय, 22) बाज़ीगर; सँपेरा, 24) ईश्वर, 26) मगर, 27) स्वरयोजना; नाश.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-3005

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 5 | | | | |
| | | | | | | 1 | | 6 |
| | | | | | | 2 | | |
| 7 | | | 6 | | | | 5 | |
| 8 | | | 2 | | | | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | 6 | | | | | 4 | | |
| | | | | 3 | | | 8 | |
| | 1 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3004 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 3 |
| 7 | 4 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 2 | 7 | 4 | 1 | 6 | 3 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 1 | 2 | 3 | 9 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 1 | 3 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 |

# सात जिले 15वें वित्त आयोग की राशि ग्रामीण विकास पर खर्च करने में रहे असमर्थ, नवान्न नाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** चालू वित्तीय वर्ष सोमवार को समाप्त हो रहा है। लेकिन, कई जिले 15वें वित्त आयोग की राशि को राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर खर्च करने में असमर्थ रहे। नवान्न सूत्रों के अनुसार, 15वें वित्त आयोग की 1,121.72 करोड़ रुपये राशि अभी तक खर्च नहीं हुई है। मूल रूप से ग्रामीण विकास के लिए 15वें वित्त आयोग का पैसा जिला परिषद, पंचायत समिति और ग्राम पंचायत के माध्यम से खर्च किया जाता है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, कई जिले 15वें वित्त आयोग की धनराशि खर्च करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जिसे



लेकर नवान्न नाराज हैं। नवान्न सूत्रों के अनुसार, सबसे अधिक धनराशि दक्षिण 24 परगना जिले में खर्च नहीं की गई है। 15वें वित्त आयोग द्वारा आवंटित धनराशि का 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सा दक्षिण 24 परगना जिले में खर्च नहीं किया जा सका है। दक्षिण 24 परगना जिले में 171.46 करोड़ रुपये खर्च नहीं किये जा सके है। अगला जिला मुर्शिदाबाद है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, मुर्शिदाबाद जिले में 144.21 करोड़ रुपये खर्च नहीं किए जा सके है। मालदह में 96.29 करोड़ रुपये और उत्तर 24 परगना जिले में 87.60 करोड़ रुपये अभी भी खर्च नहीं किये जा सके हैं। नवान्न सूत्रों के अनुसार, सात जिलों में 15वें वित्त आयोग की राशि खर्च करने की दर काफी कम है। इस सूची में दक्षिण दिनाजपुर, उत्तर 24 परगना, हावड़ा, पुरुलिया, मुर्शिदाबाद, मालदह, दक्षिण 24 परगना जिले शामिल हैं। हालांकि, ग्रामीण विकास पर 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धन को खर्च करने में कुछ जिलों का प्रदर्शन बहुत उल्लेखनीय है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, दार्जिलिंग, अलीपुरद्वार और पश्चिम बर्दवान जैसे जिलों ने 15वें वित्त आयोग से प्राप्त अधिकांश राशि खर्च कर दी है। जिला परिषदों में हावड़ा, मालदह, नदिया, दक्षिण 24 परगना और दक्षिण दिनाजपुर जैसे जिले वित्त आयोग द्वारा आवंटित धनराशि का 50 प्रतिशत भी खर्च करने में असमर्थ रहे। हालांकि मुर्शिदाबाद, उत्तर 24 परगना जिला परिषद ने केवल 50 प्रतिशत राशि खर्च करने को कहा है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, राज्य पंचायत विभाग की रिपोर्ट में ऐसी जानकारी सामने आई है। नवान्न सूत्रों के अनुसार, यह जानकारी सामने आने के बाद जिलाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं कि 15वें वित्त आयोग द्वारा आवंटित धन को शीघ्रता से खर्च किया जाए। बताया जा रहा है कि अगर पैसा खर्च नहीं हुआ तो अगली किस्त मिलना मुश्किल हो जाएगा।

**❑ छह जिलों में 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना की गति काफी धीमी, नवान्न चिंतित**

'बांग्लार बाड़ी' परियोजना की पहली किस्त का भुगतान तीन महीने पहले किया गया था। लेकिन, काम की प्रगति उतनी अच्छी नहीं हुई जितनी होनी चाहिए और यही बात नवान्न को चिंतित कर रही है। बताया जा रहा है कि राज्य के छह जिलों में आवास निर्माण में देरी सबसे अधिक है। नवान्न इस मामले को लेकर चिंतित हैं। राज्य में 'बांग्लार बाड़ी' परियोजना की गति इन छह जिलों उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना, मुर्शिदाबाद, दक्षिण दिनाजपुर और पश्चिम मेदिनीपुर में बेहद धीमी है। पता चला है कि राज्य के 21 जिलों में 1.2 लाख मकानों में से 1 लाख से अधिक मकानों का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। पिछले दिसंबर में पहली किस्त का भुगतान किए जाने के बाद, नींव से बीम तक केवल 322,872 घरों का निर्माण पूरा होने की उम्मीद है। लेकिन पैसा मिलने के बाद भी 46,000 लाभार्थी तीन महीने तक मकान बनाने के लिए ईंट, रेत या सीमेंट नहीं खरीद पाए है। 50,000 से अधिक उपभोक्ताओं ने निर्माण सामग्री एकत्र की, लेकिन काम शुरू नहीं कर सके है। इस संबंध में, पंचायत विभाग की एक रिपोर्ट नवान्न में प्रस्तुत की गई। नवान्न द्वारा जिलाधिकारियों को घर-घर जाकर लाभुकों को प्रोत्साहित करने तथा शीघ्र काम शुरू करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये हैं।

## राज्यपाल ने बजट सत्र में विधानसभा में पारित तीन विधेयकों को दी मंजूरी



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने हाल में बजट सत्र के दौरान राज्य विधानसभा द्वारा पारित तीन विधेयकों को अपनी मंजूरी दे दी है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल बोस ने बुधवार को पश्चिम बंगाल राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2025, पश्चिम बंगाल विनियोग (संख्या 1) विधेयक, 2025 और पश्चिम बंगाल विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी। राजभवन ने एक बयान में कहा कि राज्यपाल ने पूर्व में बजट सत्र के दौरान पश्चिम बंगाल विधानसभा में विधेयक पेश करने की सिफारिश की थी। विधेयकों को विधानसभा में पेश किया गया और पारित किया गया।

## कोलकाता में अपराध रोकथाम के लिए लालबाजार सतर्क, शहर में लगेंगे और अधिक सीसीटीवी

**कोलकाता :** शहर में अपराधों पर लगाम लगाने के लिए कोलकाता पुलिस के मुख्यालय लालबाजार ने सतर्कता बढ़ा दी है। इसी कड़ी में शहर के महत्वपूर्ण इलाकों में और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला लिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस साल के अंत तक कोलकाता में करीब 10,000 नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

फिलहाल, 6,000 से ज्यादा कैमरों की स्थापना का काम जारी है, जबकि बाकी 4,400 कैमरे जल्द ही जोड़े जाएंगे। खासतौर पर, रात के समय होने वाले अपराधों को रोकने के लिए विशेष कैमरे लगाए जाएंगे ताकि किसी भी



अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके।

लालबाजार के अधिकारियों के अनुसार, सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना है। पुलिस पहले से ही अपराध नियंत्रण को लेकर सक्रिय है और यह नई व्यवस्था अपराधियों पर कड़ी नजर रखने में मददगार साबित होगी।

## बिना सरकारी खर्च के बंगाल सरकार ने नदियों की खुदाई का अनोखा मॉडल किया तैयार

**❑ मंत्री मानस भुइयां ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों एवं जिलाधिकारियों के साथ बैठक की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल सरकार ने नदियों और नहरों की खुदाई (ड्रेजिंग) के लिए एक अन-ोखा मॉडल तैयार किया है, जिससे सरकारी खजाने पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। राज्य के सिंचाई मंत्री मानस भुइयां ने बताया कि इस नई प्रणाली के तहत खुदाई के बाद निकाले गए मलबे पर ठेकेदार सरकार को रॉयल्टी देंगे और साथ ही खुदाई की गई मिट्टी का एक हिस्सा भी सरकार को सौंपेंगे, जिसे विभिन्न विकास कार्यों में उपयोग किया जा सकता है। मंत्री ने बताया कि यह मॉडल पश्चिम बंगाल खनिज विकास और व्यापार निगम लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है और इसे 2022-23 से प्रायोगिक तौर पर पांच नदी क्षेत्रों में लागू किया गया है। इस प्रक्रिया से अब तक 180 किलोमीटर जल निकायों, जिनमें 28 नहरें और छोटी नदियां शामिल हैं, को साफ किया गया है और इससे राज्य सरकार को 112 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। भुइयां ने बताया कि पहले राज्य सरकार को हर साल लगभग 500 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते थे ताकि 226 किलोमीटर लंबी नदियों और नहरों की खुदाई हो सके। लेकिन अब इस नए मॉडल के तहत ठेकेदार खुदाई के बदले सरकार को रॉयल्टी के साथ-साथ प्रति घन मीटर मिट्टी के लिए एक निश्चित प्रीमियम भी देंगे। सिंचाई एवं जलमार्ग विभाग के प्रमुख सचिव मनीष जैन ने बताया कि यह देश में अपनी तरह का पहला मॉडल है। राज्य सरकार ने पहले ही विभिन्न जिलों के जिलाधिकारियों को इस योजना को लागू करने की अनुमति दे दी है। भुइयां ने बताया कि केंद्र सरकार पिछले कुछ वर्षों से पश्चिम बंगाल में नदियों और नहरों की खुदाई के लिए कोई वित्तीय सहायता नहीं दे रही है। उन्होंने दावा किया कि पूरे देश के 28 राज्यों के लिए केंद्र ने केवल 412 करोड़ रुपये ही आवंटित किए हैं, जिससे बंगाल को बहुत कम मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि हम केंद्र की सहायता का इंतजार नहीं कर सकते। हर साल बाढ़ नियंत्रण के लिए हमें 500 करोड़ रुपये खर्च करने पड़ते हैं। इसीलिए हमारे विभाग ने यह नई योजना बनाई है, जिससे बिना किसी अतिरिक्त सरकारी खर्च के जल निकायों की सफाई की जा सकेगी और राजस्व भी अर्जित होगा।

## फर्जी छापे में शामिल सीआईएसएफ के पांच जवान निलंबित, आंतरिक जांच शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** चिनार पार्क में सीआईएसएफ की फर्जी रेड के मामले में अब गिरफ्तारी के बाद सीआईएसएफ के जवानों को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, केंद्रीय सुरक्षा बल ने अपने पांच कर्मियों को आंतरिक जांच शुरू कर दी है। बता दें कि राज्य पुलिस ने फर्जी आयकर अधिकारियों का भेष बदलकर कोलकाता की एक महिला से लूटपाट करने के आरोप में उन्हें और तीन अन्य को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। कोलकाता पुलिस के अनुसार, 18 मार्च की सुबह, आयकर अधिकारी बनकर आए एक गिरोह ने विनीता सिंह नामक महिला के घर पर छापा मारा। विनीता सिंह शहर के चिनार पार्क इलाके में अपनी बेटी के साथ रहती है।

गिरफ्तार किए गए सीआईएसएफ कर्मियों में एक इंस्पेक्टर, एक हेड कांस्टेबल और तीन कांस्टेबल शामिल हैं, जिनमें से एक महिला है। सीआईएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि एक वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में घटना की आंतरिक जांच के आदेश दिए गए हैं। पांच कर्मियों को निलंबित माना जाता है, क्योंकि वे 24 घंटे से अधिक समय से पुलिस की गिरफ्त में हैं। ये कर्मी अलग-अलग इकाइयों से संबंधित हैं और जिस अवधि के दौरान पुलिस ने अपराध होने की बात कही है, उस दौरान वे छुट्टी पर थे। अधिकारी ने कहा कि सीआईएसएफ पुलिस जांच में सहयोग कर रही है।


**आवश्यकता**

कोलकाता के प्रतिष्ठित ड्रेस मटेरियल शोरूम में अनुभवी मैनेजर की आवश्यकता है

Age Limit- 45 Years.
Attractive Salary-
सम्पर्क– 9836991752



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मुख्य अभियंता (निर्माण)/एस, दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच, कोलकाता-700043 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है जिसे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड किया गया है। निविदा निर्धारित तारीख को **दोपहर 12:00 बजे** बंद कर दी जाएगी। **ई-निविदा सूचना संख्या: 4562-जीआरसी-सीई-सी-एसओ-10-2025, दिनांक: 26.03.2025। कार्यों का संक्षिप्त विवरण:** उप मुख्य अभियंता (निर्माण)/टाटानगर के अधिकार क्षेत्र के अधीन आरओएच शेड आदित्यपुर (झारखण्ड), दक्षिण पूर्व रेलवे के लिए आच्छादित आरओएच शेड एवं सिक लाइन शेड के विस्तार हेतु कम्पोजिट कार्य एवं नए सेवा भवन का निर्माण सहित विद्युत आपूर्ति व्यवस्था का जीर्णोद्धार के साथ सभी सिविल, विद्युतीय, यांत्रिक, दूरसंचार कार्यों का प्रावधान एवं शुरुआत। **अनुमानित लागत:** ₹ 32.17 करोड़। **बोली प्रतिभूति:** ₹ 17,58,700। **पूरा करने की अवधि:** 12 महीने। **बंद होने की तारीख:** 22.04.2025। निविदा के सम्पूर्ण विवरण/ब्योरा/स्पेसिफिकेशन के लिए इच्छुक निविदादाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस मद के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र.:** अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए भावी बोलीदाता वेबसाइट **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-1276)


## मालदह में सांप्रदायिक तनाव के बाद हिंसा, हिंदुओं की दुकानों और घरों को बनाया निशाना

**मालदह :** जिले के मोथाबाड़ी इलाके में सांप्रदायिक तनाव ने हिंसक रूप ले लिया। गुरुवार को उपद्रवियों ने मोथाबाड़ी थाने का घेराव किया और पुलिस की गाड़ियों में तोड़फोड़ की। कई दुकानों और घरों को भी निशाना बनाया। खासकर, हिंदुओं की दुकानों और घरों पर हमले किए गए। घटना की सूचना मिलते ही जिला पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार यादव के नेतृत्व में भारी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी और उपद्रवियों को खदेड़ा। इस मामले में पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गत सोमवार की रात करीब 10 बजे मोथाबाड़ी मोड़ पर मस्जिद के सामने पटाखा फोड़ने की घटना ने विवाद को बढ़ाया। मस्जिद में पटाखे फोड़ने की



घटना को लेकर एक बैठक बुलाई गई थी। काफी भीड़ जमा हुई। भीड़ यहां से थाने की ओर निकली और रास्ते में दुकानों और घरों पर हमला शुरू कर दिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस पहुंची तो उनकी भी गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए कड़ा रुख अपनाया, रैपिड एक्शन फोर्स के जवान भी बुलाए गए। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

## आश्वासन के बाद भी मतदाता पहचान पत्र संख्या के दोहराव मुद्दे पर चर्चा नहीं करा रही है सरकार : तृणमूल कांग्रेस

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि मतदाता पहचान पत्र संख्या (ईपीआईसी) के दोहराव का मुद्दा 'लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है' और सरकार संसद में इस पर चर्चा कराए जाने की विपक्षी दलों की मांग की अनदेखी कर रही है। संसद परिसर में संवाददाताओं से बात करते हुए राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की उपनेता सागरिका घोष ने कहा कि उनकी पार्टी और कई अन्य विपक्षी दल इस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर नोटिस देते रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एक गंभीर मामला है, जिस पर संसद में चर्चा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से हम नोटिस दे रहे हैं और डुप्लीकेट ईपीआईसी कार्ड के मुद्दे पर




चर्चा की मांग कर रहे हैं। सरकार ने हमें आश्वासन दिया है कि वे चर्चा की अनुमति देंगे। सभापति महोदय ने हमें आश्वासन दिया है कि वह चर्चा की अनुमति देंगे। लेकिन हर दिन किसी न किसी बहाने इस चर्चा की अनुमति नहीं दी जाती है। उन्होंने कहा कि जब आप पहले ही कह चुके हैं कि इस मुद्दे पर चर्चा होगी तो फिर अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। घोष ने कहा कि यह मुद्दा लोकतंत्र से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि यह एक स्वच्छ एवं निष्पक्ष मतदाता सूची के बारे में है, यह एक स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव के बारे में है। यह प्रत्येक मतदाता, नागरिक और पूरे देश से जुड़ा हुआ है। घोष ने कहा कि विपक्षी दलों में इस मुद्दे पर चर्चा कराए जाने को लेकर आम राय है लेकिन 'किसी न किसी बहाने से' सरकार चर्चा से भाग रही है। उन्होंने कहा कि हम लगातार नोटिस दे रहे हैं कि ईपीआईसी मुद्दे पर चर्चा होनी चाहिए। यदि डुप्लीकेट ईपीआईसी कार्ड हों तो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं हैं। यह लोकतंत्र के लिए खतरा है। विपक्ष संसद में चर्चा की मांग कर रहा है, लेकिन मांग को नजरअंदाज किया जा रहा है।

### न्यायाधीश के आवास से 'नकदी के ढेर' की कथित बरामदगी नोटबंदी की विफलता का उदाहरण : तृणमूल कांग्रेस

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** तृणमूल सांसद सागरिका घोष ने गुरुवार को कहा कि उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के आवास से 'नकदी के ढेर' की कथित बरामदगी नोटबंदी की विफल नीति का एक उदाहरण है। राज्यसभा में वित्त विधेयक 2025 पर चर्चा के दौरान घोष ने कहा कि नोटबंदी की इस विफल नीति का इससे ज्यादा खुलासा क्या हो सकता है कि एक न्यायविद के घर में नकदी के ढेर कथित तौर पर पाए गए। उन्होंने कहा कि नोटबंदी के समय प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर नोटबंदी की उनकी नीति गलत साबित होती है तो लोग उन्हें मनचाही सजा दे सकते हैं। घोष ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री जनता की सजा का सामना करने के लिए तैयार हैं? क्योंकि नकदी के ये ढेर इस बात का स्पष्ट उदाहरण हैं कि नोटबंदी की नीति बुरी तरह विफल रही है। यह सरकार एक विफल सरकार है। घोष ने कहा कि कभी-कभी संसद सदस्य भी कुछ गलतियां करते हैं। उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं उसमें कुछ गलतियां हो जाती हैं लेकिन एक व्यक्ति है जो कभी गलती नहीं करता, वह प्रधानमंत्री हैं।


**पश्चिम मध्य रेल**
**इंजीनियरिंग निर्माण शाखा**
**खुली निविदा**
**(दो पैकेट प्रणाली)**

**उप मुख्य अभियंता (निर्माण), पश्चिम मध्य रेल, सीधी,** भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी-सी.ई.-सी-सीधी-04-2025, दिनांक 24.03.2025 के द्वारा आमंत्रित करते है। निविदाएं बन्द होने की तारीख 28.04.2025 एवं समय 15.30 बजे तक है। निविदाकर्ता अपनी मूल/संशोधित निविदा बंद होने के दिनांक एवं समय तक प्रस्तुत कर सकते है। उपरोक्त निविदा में हस्त निविदाएं स्वीकार्य नही होंगी तथा हस्त निविदाओं को उपेक्षित कर दिया जाएगा। निविदाएं पूर्व उल्लेखित समय एवं दिनांक पर खोली जाएगी। **निविदा क्रमांक:** डिप्टी-सी.ई.-सी-सीधी-04-2025, दिनांक 24.03.2025. **कार्य का नाम लोकेशन सहितः मध्य प्रदेश राज्य में सीधी-सिंगरौली नई रेल लाइन परियोजना के संबंध में गजराही और गोंदावली स्टेशनों के बीच किमी 111/150 से किमी 165/380 के बीच नई रेलवे लाइन के निर्माण के लिए ईपीसी अनुबंधों के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं (पीएमएस) प्रदान करने हेतु प्राधिकरण इंजीनियर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव का अनुरोध (आरएफपी)। निविदा का अनुमानित मूल्यः** ₹ 33,93,01,292/-. **निविदा फार्म की कीमतः** 0.00. **बयाना राशिः** ₹ 18,46,500/-. **कार्य समापन अवधिः** 36 माह मानसून सहित। **ई-निविदा बंद होने की और खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 28.04.2025 को 15.30 बजे बंद एवं 15.30 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई.आर.ई.पी.एस. के माध्यम से **https://www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है, कि वे समय-समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु आई.आर.ई.पी.एस. की वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** देखते रहें। न्यूनतम पात्रता मानदंड टेन्डर फार्म के अनुसार इन निविदाओं के लिए लागू होगा।

**स्वच्छ भारत अभियान**
**एक कदम स्वच्छता की ओर**


## भाजपा नेता अर्जुन सिंह के आवास के बाहर बमबाजी, एक युवक घायल

### पुलिस पर मूकदर्शक बनने का आरोप, टीएमसी के पार्षद पर हमले का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में हिंसा की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों को निशाना बनाए जाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में, गत बुधवार की रात उत्तर 24 परगना में भाजपा नेता अर्जुन सिंह के आवास को निशाना बनाया गया। उपद्रवियों ने उनके घर के बाहर जमकर बवाल काटा। इस दौरान, उनके आवास में देशी बम भी फेंके गए और गोलीबारी की गई। भाजपा नेता ने तृणमूल कांग्रेस के बेटे को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है। इसके अलावा, उन्होंने पुलिस पर मूकदर्शक बनकर तमाशा देखने का आरोप लगाया है। हालांकि, अब उनके इलाके में भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि भाटपाड़ा में भाजपा नेता और पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के आवास के बाहर अज्ञात बदमाशों ने बम फेंके और गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि बुधवार की देर रात हुए हमले में एक युवक घायल हो गया। सिंह और उनके करीबी सहयोगियों ने कथित तौर पर हमलावरों का पीछा किया। हालांकि, वह मौके से भागने में कामयाब हो गए। बैरकपुर के पुलिस आयुक्त अजय ठाकुर ने बताया कि स्थिति अब नियंत्रण में है। इसमें शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा। दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि हमले के पीछे तृणमूल कांग्रेस की पार्षद सुनीता सिंह के बेटे नमित सिंह का हाथ है। पूर्व सांसद ने दावा किया कि उसने पुलिस के



सामने गोलीबारी की। अंधाधुंध गोलीबारी और बमबाजी हुई।

**❑ अर्जुन सिंह ने क्या कहा?**

घटनाक्रम के बारे में बताते हुए, अर्जुन सिंह ने कहा कि रात करीब 10:30 बजे मैंने अचानक दो राउंड गोलियों की आवाज सुनी। मैं अपने करीबी सहयोगियों के साथ मजदूर भवन में था। मैं बाहर भागा और मेघना मोड़ की ओर बढ़ा। जैसे ही हम मौके पर पहुंचे, बदमाशों ने हम पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। अर्जुन सिंह ने दावा किया कि कम से कम पांच से सात राउंड गोलियां चलाई गईं। हमले के बाद उन्होंने और उनके साथियों ने हमलावरों का पीछा किया, जिसके दौरान उनमें से एक नाले में गिर गया और घायल हो गया। भाजपा नेता ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि क्या हो रहा है। 4 अक्टूबर को भी नमित सिंह, सद्दाम और उनकी टीम ने यहां हमला किया था। उन्होंने बम फेंके और मैं घायल हो गया। कल हमने गोलियों की आवाज सुनी। जब तक हम बाहर गए, तब तक पुलिस सहित 50-60 लोग पहले से ही वहां मौजूद थे। जब हम वापस आए तो हमने देखा कि मेरे घर पर दो बम फेंके गए थे। एक फट गया, और दूसरा अभी भी जिंदा गोला बारूद है। नमित सिंह, सद्दाम अंसारी और प्रेम, 50-60 अन्य लोगों के साथ, इसमें शामिल हैं। नमित सिंह सिर्फ एक बलि का बकरा है। इन हमलों पर कोई पुलिस कार्रवाई नहीं हुई। यह घटना उनके सामने हुई।

**❑ तृणमूल विधायक ने भाजपा नेता पर बोला हमला**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, इलाके में मेघना जूट मिल में श्रमिकों के दो समूहों के बीच विवाद के बाद हिंसा भड़की। इस बीच, टीएमसी के जगद्दल के विधायक सोमनाथ श्याम ने सिंह और उनके समर्थकों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अर्जुन सिंह और उसके आदमियों ने मेघना जूट मिल में काम करने वालों पर हमला किया और गोलियां चलाईं। युवक को अर्जुन सिंह ने गोली मारी और उसके समूह के हमले में तीन से चार और लोग घायल हो गए। हम अर्जुन सिंह की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करते हैं, नहीं तो हम बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे।

**❑ भाजपा नेता के घर पहुंची पुलिस**

इधर, हिंसा भड़काने और मेघना जूट मिल में काम करने वालों पर हमला व गोलियां चलाने के आरोप में जगद्दल थाने की पुलिस ने अर्जुन सिंह को नोटिस भेजकर गुरुवार को ही दिन में तलब किया, हालांकि वे थाने नहीं गए। इसके बाद, पुलिस ने भाजपा नेता के घर पर ही पहुंचकर उनसे मैराथन पूछताछ की। अर्जुन सिंह ने स्पष्ट कहा कि मेरे घर पर हमला होगा और मैं चूड़ी पहनकर बैठने वाला आदमी नहीं हूं।

### न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा को कलकत्ता उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश दिनेश कुमार शर्मा को कलकत्ता उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश की। यह निर्णय कॉलेजियम द्वारा आयोजित बैठक में लिया गया। इसमें न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ शामिल हैं। न्यायमूर्ति शर्मा ने 28 फरवरी, 2022 को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह 1992 में दिल्ली न्यायिक सेवा में शामिल हुए और 2003 में दिल्ली उच्चतर न्यायिक सेवा में पदोन्नत हुए।

## कांथी को-ऑपरेटिव बैंक चुनाव में केंद्रीय बल की जरूरत नहीं, हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की

**कोलकाता :** कांथी को-ऑपरेटिव कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के चुनाव में केंद्रीय बल तैनात करने की मांग वाली याचिका कोलकाता हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति चैताली चट्टोपाध्याय की खंडपीठ ने यह आदेश दिया।

शनिवार को कांथी को-ऑपरेटिव बैंक का चुनाव होना है। याचिकाकर्ता स्वपन बेरा ने आशंका जताई थी कि सत्तारूढ़ दल के समर्थक चुनाव में अशांति फैला सकते हैं। इसी आधार पर उन्होंने केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

हालांकि, अदालत ने याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह कोई जनहित याचिका नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता को कोई आपत्ति है, तो वह सुप्रीम कोर्ट जा सकते हैं।

इससे पहले कांथी में एक अन्य चुनाव में केंद्रीय बल तैनात करने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने दिया था। इस बार भी याचिकाकर्ता ने उसी आधार पर केंद्रीय बलों की मांग की थी। उनके वकील बिकाश भट्टाचार्य ने दलील दी कि बंगाल में चुनावी हिंसा आम हो गई है, इसलिए चुनाव के दौरान सीसीटीवी निगरानी और केंद्रीय बलों की जरूरत है।

हालांकि, राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने इसका विरोध किया और कहा कि सिर्फ अनुमान के आधार पर केंद्रीय बलों की मांग नहीं की जा सकती, इसके लिए ठोस सबूत पेश करने होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य पुलिस चुनाव के दौरान पर्याप्त सुरक्षा दे रही है।

इसके बाद अदालत ने कहा कि पांच मतदान केंद्रों के लिए पूरे क्षेत्र में केंद्रीय बल की तैनाती जरूरी नहीं है और कांथी को-ऑपरेटिव बैंक चुनाव में केंद्रीय बलों की मांग खारिज कर दी गई। साथ ही याचिका भी खारिज कर दी गई।

## पिता की नौकरी मिलते ही मां को घर से निकाला, बेबस बुजुर्ग महिला पहुंची हाईकोर्ट

**कोलकाता :** पिता की सरकारी नौकरी मिलने के बाद एक बेटे ने अपनी बुजुर्ग मां को घर से निकाल दिया, जिसके बाद मजबूर होकर महिला कोलकाता हाईकोर्ट पहुंचीं।

गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम और न्यायमूर्ति चैती चट्टोपाध्याय (दास) की खंडपीठ ने इस मामले को सुना। बुजुर्ग महिला ने अदालत को बताया कि उनके पति सरकारी नौकरी में थे। पति के निधन के बाद बेटा उनकी नौकरी में नियुक्त हुआ, लेकिन इसके बाद ही उसका व्यवहार पूरी तरह बदल गया।

आरोप है कि पिता की नौकरी मिलने के बाद बेटे ने मां को घर से बाहर निकाल दिया। महिला पिछले 13 दिनों से बेघर हैं और अब अदालत से न्याय की गुहार लगा रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने



यह भी दावा किया कि उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है।

महिला की शिकायत सुनने के बाद हाईकोर्ट की खंडपीठ ने पूछा कि क्या उनके पास कोई वकील है। जब उन्होंने 'नहीं' कहा, तो अदालत ने हाईकोर्ट लीगल एड सर्विस के माध्यम से उन्हें एक वकील उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

अब बुजुर्ग महिला को उम्मीद है कि अदालत से उन्हें न्याय मिलेगा और वे अपने घर वापस लौट सकेंगी।




# शिक्षक भर्ती घोटाला : अब सीबीआई नौकरी की सिफारिश करने वाले राजनेताओं से करना चाहती पूछताछ

❑ पार्थ चटर्जी और माणिक भट्टाचार्य के बीच आदान-प्रदान की गई सूची में राजनेताओं के नाम शामिल थे

**कोलकाता, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में एक मामले की सुनवाई के दौरान गुरुवार को विशेष अदालत में सीबीआई ने कहा कि अब उम्मीदवारों की नौकरी की सिफारिश करने वाले राजनेताओं से पूछताछ करने की जरूरत है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने अदालत को बताया कि पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और



प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष व टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य के बीच आदान-प्रदान की गई सूची में कई राजनेताओं के नाम शामिल थे। शिक्षा मुख्यालय के गोदाम में मिली 321 अभ्यर्थियों की सूची में पार्थ और माणिक के बीच आदान-प्रदान की गई थी। राजनेताओं में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के भाई व पूर्व सांसद दिव्येंदु अधिकारी, भाजपा नेता और पूर्व आईपीएस अधिकारी भारती घोष, तृणमूल सांसद ममताबाला ठाकुर और तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला शामिल हैं। शिक्षा मुख्यालय में तलाशी अभियान के दौरान सीबीआई द्वारा बरामद दस्तावेजों में इनके नाम और पहचान का उल्लेख है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार दस्तावेजों की जांच के बाद जांचकर्ता इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि दिव्येंदु, भारती, ममताबाला और शौकत ने पार्थ चटर्जी को कई नौकरी चाहने वालों के नामों की सिफारिश की थी। उन सभी नौकरी चाहने वालों के नाम भी सीबीआई के दस्तावेजों में हैं। प्राथमिक शिक्षा बोर्ड ने केंद्रीय जांच एजेंसी को बताया कि उनमें से कई को नौकरी मिल गई है। सीबीआई ने कई उम्मीदवारों से पूछताछ की है। वहीं दूसरी ओर इस दिन सीबीआई के वकील ने अदालत में दावा किया कि भर्ती में भ्रष्टाचार पार्थ के नेतृत्व में हुआ। वह सरगना थे। पार्थ के तत्कालीन निजी सचिव ने भी गोपनीय बयान दिया था कि यह भ्रष्टाचार पार्थ की देखरेख में हुआ। सीबीआई ने पार्थ की जमानत का विरोध करते हुए यह दावा किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने कहा कि इसलिए उसे डर है कि अब जमानत देने से जांच में बाधा आ सकती है।

# बीरभूम में अवैध पत्थर खनन, कंपनी पर 96 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना

**बीरभूम :** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में अवैध रूप से पत्थर खनन करने के आरोप में प्रशासन ने एक निजी कंपनी पर 96.33 करोड़ रुपये का भारी जुर्माना लगाया है। आरोप है कि मुरारई 1 ब्लॉक के बड़ला गोपालपुर मौजा में लगभग 40 प्लॉट्स से सरकारी राजस्व को चकमा देकर अवैध रूप से पत्थर निकाला जा रहा था।

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, यह खनन बिना किसी वैध सरकारी लीज के किया जा रहा था, जो पूरी तरह अवैध है। गौरतलब है कि पिछले 11 वर्षों से राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के निर्देशों के तहत जिले में केवल लीज प्राप्त खदानों से ही पत्थर निकालने की अनुमति है। लेकिन इसके बावजूद, यह निजी कंपनी लगातार प्रशासन के आदेशों का उल्लंघन कर रही थी और आधुनिक मशीनों की मदद से बड़े पैमाने पर पत्थर निकालकर खुले बाजार में बेच रही थी।

इस मामले की शिकायत मिलने के बाद जिला भूमि विभाग की एक टीम ने क्षेत्र का निरीक्षण किया और अपनी रिपोर्ट में पाया कि 40 प्लॉट्स से करीब 17 करोड़ 18 लाख 7 हजार 989 घनफुट काले पत्थर निकाले गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह कंपनी पिछले 100 वर्षों से इस अवैध खनन कार्य में लिप्त थी और हाल के दिनों में अत्याधुनिक मशीनों के जरिए इसकी रफ्तार और बढ़ा दी गई थी।

अब प्रशासन ने इस कंपनी को 95 करोड़ 9 लाख 57 हजार 236 रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है। इसके अलावा, प्रशासन को कंपनी से 1 करोड़ 23 लाख 91 हजार 496 रुपये का बकाया भी वसूलना है। इस तरह, कंपनी को कुल 96 करोड़ 33 लाख 48 हजार 730 रुपये सरकारी ब्याज सहित भरने होंगे।

जिला प्रशासन ने कंपनी को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर यह रकम जमा करने का निर्देश दिया है। अगर निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं किया जाता है, तो प्रशासन आगे की कानूनी कार्रवाई करेगा।

## इनड्राइव ने शुरू की ड्राईवर ऑफ़ द मंथ की पहल

**नई दिल्ली/कोलकाता :** ग्लोबल मोबिलिटी और शहरी सेवाओं का प्लेटफॉर्म इनड्राइव ने दिल्ली, कोलकाता और मुंबई में ड्राइवर ऑफ़ द मंथ की पहल शुरू की है। यह पहल 1 मार्च से 31 मार्च तक चलेगी और इसका मकसद ड्राइवर पार्टनर्स को ज्यादा से ज्यादा राइड लेने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें इनाम देना है। महीने भर चलने वाली इस पहल के तहत कैब, मोटो और ऑटो रिक्शा की हर कैटेगरी में तीन-तीन विजेताओं को चुना जाएगा, जो कोलकाता, मुंबई और दिल्ली से होंगे। इसके अलावा, हर शहर में हर कैटेगरी में 15 सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इनड्राइव के कंट्री मैनेजर-इंडिया प्रतीप मजूमदार, ने कहा इनड्राइव में बेहतरीन सेवा देने के लिए हमारे ड्राइवर पार्टनर्स का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है। यह पहल हमारे पार्टनर्स की मेहनत को सराहने की हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इससे उन्हें ज्यादा राइड लेने की प्रेरणा मिलेगी और उनकी कमाई बढ़ेगी।

## मदरसा शिक्षक भर्ती में भ्रष्टाचार का आरोप, हाईकोर्ट ने परिणाम घोषित करने पर लगाई रोक

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल में मदरसा शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं, जिसके चलते कोलकाता हाईकोर्ट में मामला दायर किया गया था। इस मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति सौगत भट्टाचार्य ने भर्ती के परिणामों की घोषणा पर अंतरिम रोक लगा दी है। अदालत ने स्पष्ट किया है कि कोर्ट की अनुमति के बिना इस भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी नहीं किया जा सकता।

गौरतलब है कि 2023 में मदरसा स्कूलों में कक्षा 5वीं से 8वीं तक के शिक्षकों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। लेकिन इस भर्ती प्रक्रिया को लेकर उम्मीदवारों ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी।

मामले में याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि अधिसूचना में जिस तिथि तक प्रशिक्षण पूरा होना अनिवार्य बताया गया था, उसके बाद भी कई उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गई। यह पूरी प्रक्रिया नियमों के विरुद्ध बताई जा रही है। इसके अलावा, भर्ती प्रक्रिया में पक्षपात और भाई-भतीजावाद के भी गंभीर आरोप लगे हैं।

इसको लेकर मदरसा आयोग के निर्देश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 1 मई को होगी।

## छात्र संघ चुनाव कब होंगे? हाईकोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग से हलफनामा मांगा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव कब होंगे, इस पर कोलकाता हाईकोर्ट ने राज्य के उच्च शिक्षा विभाग से स्थिति स्पष्ट करने के लिए हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

गुरुवार को यह मामला मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की पीठ में उठा, जहां अदालत ने राज्य सरकार से पूछा कि छात्र चुनाव को लेकर अब तक क्या कदम उठाए गए हैं। अदालत ने यह भी टिप्पणी की कि अगर अन्य चुनाव बिना किसी रुकावट के हो सकते हैं, तो छात्र संघ चुनाव में समस्या क्यों हो रही है।

राज्य के कॉलेजों में 2013 के बाद से कोई छात्र चुनाव नहीं हुआ है। हालांकि, पूजा, फेस्ट और अन्य आयोजनों के लिए ग्रांट नियमित रूप से दी जाती है। याचिकाकर्ता ने अदालत से लिंडो आयोग की सिफारिशों के अनुसार चुनाव कराने की मांग की।

सुनवाई के दौरान, मुख्य न्यायाधीश ने कहा, आपको एक ठोस निर्णय लेना होगा। चुनाव न होने से छात्रों में असंतोष बढ़ता है। हर बार ऐसी याचिकाओं में आप समय मांगते हैं और जब वोटर लिस्ट तैयार हो जाती है, तब सभी कोर्ट पहुंचते हैं।

राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता शीर्षण्य बंद्योपाध्याय ने अदालत को बताया कि सरकार ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी कर दी है और प्रक्रिया जारी है। लेकिन सरकार को थोड़ा और समय चाहिए।

इसके जवाब में मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि राज्य के नियमों के अनुसार हर दो साल में चुनाव कराना अनिवार्य है। कोर्ट ने उच्च शिक्षा विभाग को निर्देश दिया कि वह यह स्पष्ट करे कि चुनाव कब कराए जाएंगे और इस पर क्या कदम उठाए जा रहे हैं।

अब तीन सप्ताह बाद इस मामले की अगली सुनवाई होगी।

## खोया हुआ बैग मेट्रो यात्री को लौटाया गया

**कोलकाता :** दोपहर करीब 12:27 बजे कवी सुभाष मेट्रो स्टेशन पर तैनात एक ऑन-ड्यूटी आरपीएफ कर्मचारी ने नियमित गश्त के दौरान एक डाउन मेट्रो ट्रेन में एक लावारिस बैग देखा। सुरक्षाकर्मी ने तत्परता दिखाते हुए बैग को बरामद किया और उसे स्टेशन मास्टर के कार्यालय में जमा करा दिया। बैग खोलने पर उसमें कुछ कीमती सामान पाए गए।

इसके बाद स्टेशन मास्टर द्वारा बार-बार घोषणाएँ की गईं, ताकि बैग के असली मालिक तक यह सूचना पहुँच सके। साथ ही, इस संबंध में सभी मेट्रो स्टेशनों को एक नियंत्रण संदेश भी भेजा गया।

कुछ समय बाद, लगभग 13:00 बजे, एक यात्री स्टेशन मास्टर के कार्यालय पहुँचा और बैग के अपने



होने का दावा किया। आवश्यक सत्यापन और औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, बैग को सभी वस्तुओं सहित उसे सौंप दिया गया।

बैग वापस मिलने पर यात्री ने मेट्रो रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि उनकी त्वरित कार्रवाई और सहयोग की वजह से उन्हें अपना खोया हुआ सामान बिना किसी परेशानी के वापस मिल गया।

## एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी के भव्य समारोह में उदयन: एक कालातीत गाथा ने छोड़ी गहरी छाप

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी ने अपने भव्य वार्षिक समारोह में उदयन: एक कालातीत गाथा का उद्घाटन किया। यह नृत्य नाटिका मानव सभ्यता के विकास की अद्भुत यात्रा को नृत्य, संगीत और कहानी के माध्यम से दर्शाती है। छात्रों ने असाधारण प्रदर्शन के जरिए सभ्यता के प्रमुख क्षणों को खूबसूरती से चित्रित किया। कार्यक्रम की शुरुआत संगचद्वम गीत के सामूहिक गायन से हुई, जिसमें माता-पिता और शिक्षक एक साथ आए। इसके बाद, अकादमी की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई, जिसमें उनकी प्रमुख उपलब्धियों का विवरण दिया गया। इस अवसर पर कई सम्मानित अतिथि मौजूद थे, जिनमें सरदारमल कांकरिया, प्रदीप कुमार पटवा, अशोक



मिन्नी, जयदीप पटवा, कुसुम पटवा और सोनल चोरारिया प्रमुख थे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने एक अधिक जुड़ी और दयालु दुनिया बनाने का संकल्प लिया और संस्कृत प्रार्थना असतोमा सद्गमय के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। उदयन न केवल एक प्रदर्शन था, बल्कि यह एक अनुभव था, जिसने एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी की रचनात्मकता और सांस्कृतिक ज्ञान के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने सैलरी वाला प्लान के तहत एसडब्ल्यूपी किया पेश

**कोलकाता, समाज्ञा**

बंधन म्यूचुअल फंड ने अपने नए आईएपी कैंपेन, सैलरी वाला प्लान के तहत सिस्टेमैटिक विड्रॉल प्लान (एसडब्ल्यूपी) को एक वेतन जैसी आय के रूप में पेश किया है। यह प्लान निवेशकों को नियमित कैश फ्लो प्राप्त करने में मदद करता है, जबकि उनकी बकाया राशि निवेशित रहती है। इस अभियान का उद्देश्य एसडब्ल्यूपी के बारे में जागरूकता बढ़ाना और इसे रिटायरमेंट के बाद के कैश फ्लो की योजना के रूप में प्रोत्साहित करना है।

बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा, एसआईपी के बाद एसडब्ल्यूपी का कम उपयोग किया जाता है। सैलरी वाला प्लान अभियान के माध्यम से हम इस अंतर को भरने का प्रयास कर रहे हैं।

इस अभियान के हिस्से के रूप में, एक मजाकिया और विचारशील फिल्म लॉन्च की गई है, जो दर्शकों को एसडब्ल्यूपी के लाभ को समझने के लिए प्रेरित करती है।

ग्रे इंडिया की चेयरपर्सन और सीईओ अनुषा शेट्टी ने कहा, सैलरी वाला प्लान रिटायरमेंट के बाद वित्तीय स्वतंत्रता पाने का बेहतरीन उपाय हो सकता है।

## रवींद्र भारती विश्वविद्यालय मामला: हाईकोर्ट का सख्त निर्देश, कैंपस में बाहरी लोगों की एंट्री पर रोक

**कोलकाता :** रवींद्र भारती विश्वविद्यालय में बाहरी लोगों के प्रवेश और उनके विरोध-प्रदर्शन के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। विश्वविद्यालय के कुलपति, शिक्षक और गैर-शिक्षकीय कर्मचारी कैंपस में प्रवेश नहीं कर पा रहे थे, जिसके चलते सुरक्षा को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट में मामला दायर किया गया था।

गुरुवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के किसी भी कैंपस में बाहरी लोगों को प्रवेश



करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत ने पुलिस को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया कि बाहरी लोग विश्वविद्यालय परिसर में न घुस सकें। इसके अलावा, हाईकोर्ट ने संबंधित थाने को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय के गेट पर पुलिस सुरक्षा तैनात की जाए।

बता दें कि बीते तीन दिनों से अस्थायी कुलपति के इस्तीफे की मांग को लेकर रवींद्र भारती विश्वविद्यालय में विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने स्पष्ट किया कि यदि विश्वविद्यालय के छात्र, शिक्षक या गैर-शिक्षकीय कर्मचारी आंदोलन करना चाहते हैं, तो उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने का अधिकार है। हालांकि, ऐसे मामलों में पुलिस बल का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

## लिवाइस और दिलजीत दोसांझ ने 'ईजी इन लिवाइस' के लूज फिट्स के साथ पेश किए आरामदायक और कूल परिधान

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्रांड लिवाइस ने अपने नए कैंपेन 'ईजी इन लिवाइस' के साथ स्टाइल और संस्कृति की सीमाओं को पार करते हुए एक नई दिशा दी है। इस कैंपेन के तहत लिवाइस ने अपने ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर, म्यूजिक आइकन और फैशन ट्रेलब्लेजर दिलजीत दोसांझ के साथ रिलेक्स और लूज फिट परिधानों को पेश किया, जो आत्मविश्वास और आराम से स्टाइल को सहज बना देते हैं। यह साझेदारी केवल स्टाइल से जुड़ी नहीं है, बल्कि एक सांस्कृतिक पहलू भी है। कैंपेन में लिवाइस के लूज फिट की रेंज को पेश किया गया है, जो पहनने वाले को आराम देने के साथ-साथ अपनी अभिव्यक्ति में भी सक्षम बनाते हैं। इसमें 555 रिलेक्स्ड स्ट्रेट, 568 लूज स्ट्रेट और 578 बैगी जैसे ट्रेंड्स शामिल हैं, जो 90 के दशक के स्ट्रीटवियर से प्रेरित हैं। दिलजीत दोसांझ इस कैंपेन में अपने सहज और रिलेक्स अंदाज में दिखाई देते हैं, जो लिवाइस के लूज फिट्स में पूरी दुनिया घूमते हुए नजर आते हैं।

## हावड़ा के आर्थोपेडिक अस्पताल ने महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा के आर्थोपेडिक अस्पताल ने गुरुवार को महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता देते हुए टिकियापाड़ा कारशेड में एक विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। इस पहल का उद्देश्य महिला कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और उन्हें विशिष्ट चिकित्सा परामर्श प्रदान करना था, ताकि रेलवे क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त हो सके। इस शिविर में महिला कर्मचारियों की उत्साही भागीदारी देखी गई, जिन्होंने सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ गाइनकोलॉजिकल और ऑर्थोपेडिक परामर्श का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की एक टीम, जिसमें डॉ. शिबानी सरकार, डॉ. नयनमनी बिस्वास और डॉ. श्वेता वेन्दुर्कर शामिल थीं, ने विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर परामर्श दिया और जांच की।

## बोकारो स्टील सिटी स्टेशन का 'अमृत स्टेशन योजना' के तहत पुनर्विकास

**कोलकाता :** बोकारो स्टील सिटी स्टेशन भारतीय रेलवे के माल परिवहन और यात्री परिवहन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि यह देश के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में से एक को सेवाएं प्रदान करता है। इस स्टेशन को भारतीय रेलवे द्वारा अमृत स्टेशन योजना के तहत चयनित किया गया है और इसे एक विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में पुनर्विकसित किया जाएगा। दक्षिण पूर्व रेलवे के पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा राज्यों में इसके चारों मंडलों के तहत कुल 72 स्टेशनों को इस योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चुना गया है।

स्टेशन भवन को एक अद्वितीय और आधुनिक शैली में बनाया जाएगा। स्टेशन प्लाज़ा में पर्याप्त पार्किंग सुविधाएं और मल्टी-मोडल इंटीग्रेशन के साथ सुगम यातायात प्रवाह सुनिश्चित किया जाएगा। विशाल कॉन्कोर्स के साथ विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्री सुविधाओं का निर्माण किया जाएगा, जिसमें रिटेल स्पेस, कैफेटेरिया, आरामदायक प्रतीक्षालय, कार्यकारी लाउंज आदि शामिल होंगे। स्टेशन में बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, साइनज और डिजिटल डिस्प्ले सहित यात्रा संबंधित सभी प्रकार की जानकारी उपलब्ध होगी। स्टेशन में यात्रियों की सुविधा के लिए फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट और एस्केलेटर होंगे। इसके अतिरिक्त, स्टेशन पर दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं, मुफ्त वाई-फाई, अग्निशमन व्यवस्था, और




एक स्टेशन एक उत्पाद कियोस्क जैसे स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने वाले सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

वर्तमान में, स्टेशन के सामने का विकास कार्य, वीआईपी लाउंज, दो-पहिया और चार-पहिया पार्किंग, कॉन्कोर्स क्षेत्र, प्रवेश और निकासी द्वार, मौजूदा फुट ओवरब्रिज पर स्क्रीन सुरक्षा, परिसंचलन क्षेत्र, निगरानी कक्ष, विद्युत उप-स्टेशन भवन और अन्य बुनियादी ढांचे कार्य पूरा हो चुके हैं।

बाकी विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा, जिससे रेल संचालन में न्यूनतम व्यवधान होगा और यात्री अनुभव को बढ़ाया जा सकेगा।

## हावड़ा डिवीजन के आजिमगंज-कटवा खंड में दो एलएचएस निर्माण हेतु ट्रेनों के संचालन में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने हावड़ा डिवीजन के आजिमगंज-कटवा खंड में दो लिमिटेड हाइट सबवे (एलएचएस) के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह निर्माण कार्य लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 27/बी/सी (लालबाग कोर्ट और आजिमगंज स्टेशन के बीच) और लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 26/ए/2 (खगराघाट रोड और लालबाग कोर्ट स्टेशनों के बीच) पर किया जाएगा।

इस परियोजना से स्थानीय निवासियों और यात्रियों को यात्रा में सुविधा मिलेगी और यात्रा समय में भी कमी आएगी, जिससे उनकी जीवनशैली में सुधार होगा। इसके अलावा, एलएचएस लेवल क्रॉसिंग से जुड़ी सुरक्षा जोखिमों को कम करता है और पैदल यात्रियों एवं वाहनों के लिए सुरक्षित मार्ग प्रदान करता है।

इस निर्माण कार्य के चलते, 29 मार्च को 360 मिनट (सुबह 10:00 बजे से 4:00 बजे तक) के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक निर्धारित किया गया है। इस दौरान 29 मार्च को रद्द होने वाली ट्रेनों में कटवा से 53011, 53013, 53015, 53017, 53009, 53053, 53055, आजिमगंज से 53014, 53016, 53018, 63010, 53012, आहमदपुर से 53056 शामिल है।

इसके साथ ही, 29 मार्च को 13177/13178 सियालदाह-जंगीपुर रोड-सियालदाह एक्सप्रेस को कटवा से, 53054/53053 निमतिता-कटवा- निमतिता पैसेंजर को आजिमगंज से और 63007/53008 कटवा-रामपुरहाट-कटवा पैसेंजर को आजिमगंज से शॉर्ट टर्मिनेट एवं शॉर्ट ओरिजिनेट किया जाएगा।

## सीआरएस सुवोमय मित्रा ने जयरामबाटी-बारा गोपीनाथपुर नई ब्रॉड गेज लाइन का किया निरीक्षण

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के रेलवे सुरक्षा आयुक्त सुवोमय मित्रा ने गुरुवार को जयरामबाटी और बारा गोपीनाथपुर स्टेशन के बीच बने नए ब्रॉड गेज ट्रैक का विस्तृत निरीक्षण किया। यह निरीक्षण तारकेश्वर-बिष्णुपुपुर नई ब्रॉड गेज लाइन परियोजना से संबंधित था। इस मौके पर मित्रा के साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) पी.के. शर्मा, हावड़ा डिवीजन के डीआरएम संजीव कुमार और पूर्व रेलवे के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस निरीक्षण के दौरान, जयरामबाटी और बारा गोपीनाथपुर स्टेशनों पर सिग्नलिंग सिस्टम और सुरक्षा उपकरणों की बारीकी से जांच की गई। इसके साथ ही, उन्होंने बारा गोपीनाथपुर से जयरामबाती तक मोटर ट्रॉली से ट्रैक की फिटिंग,



स्टेशनों, पुलों और अन्य सुरक्षा घटकों का भी अवलोकन किया। श्री मित्रा ने जयरामबाती से बारा गोपीनाथपुर स्टेशन तक 120 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रैक पर परीक्षण किया, जो सफल रहा। इस परियोजना के लिए अनुमति जल्दी मिलने की उम्मीद है। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जयरामबाटी और बारा गोपीनाथपुर के बीच लगभग 7 किमी की नई लाइन का उद्घाटन करना था, ताकि रेलवे बुनियादी ढांचे की सुरक्षा और दक्षता सुनिश्चित की जा सके।

## सोनारपुर-चंपाहाटी के बीच रेलवे ट्रैक पर बाइक छोड़ने से ट्रेन का संचालन प्रभावित, एफआईआर दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** सोनारपुर और चंपाहाटी के बीच गुरुवार को एक ट्रेन को अचानक रोकना पड़ा। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह सियालदह-कैनिंग रूट पर चल रही एक स्थानीय ट्रेन (34522 डाउन) को सोनारपुर स्टेशन से निकलने के बाद सोनारपुर और चंपाहाटी के बीच 11:06 से 11:30 बजे तक रोका गया। ट्रेन को रोकने का कारण था कि रेलवे ट्रैक पर किसी ने एक मोटर बाइक छोड़ दी थी। बाइक मालिक ने रेलवे लाइन को अवैध रूप से पार करते हुए बाइक ट्रैक पर छोड़ दी और ट्रेन के पास आते ही वह मौके से भाग गया। स्थानीय निवासियों और यात्रियों ने मिलकर बाइक को ट्रैक से हटा दिया, और ट्रेन 11:30 बजे फिर से



अपनी यात्रा जारी कर सकी। इस घटना में ट्रेन केवल 25 मिनट के लिए रोकी गई और कोई अन्य अप्रिय घटना नहीं घटी। यह घटना एक अवैध ट्रैस्पासिंग क्षेत्र पर हुई, जहां बाइक मालिक ने बिना सोचे-समझे रेलवे ट्रैक पार किया। आरपीएफ ने बाइक जब्त कर ली है और बाइक मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## बालीगंज आरुषि में विश्व नाटक दिवस धूमधाम से मनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व रंगमंच दिवस से चार दिन पहले 23 मार्च को तृप्ति मित्रा थिएटर में आरुषि पर्व के एक भाग के रूप में विश्व नाटक दिवस मनाया गया। बालीगंज आरुषि द्वारा आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रसिद्ध थिएटर व्यक्तित्व अरूप रॉय, अरिंदम रॉय और सुपर्णा भट्टाचार्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके की गई और उद्घाटन भाषण आरुषि के सुमित दासगुप्ता ने दिया। इस अवसर पर अरूप रॉय ने कहा, रंगमंच की दुनिया बहुत छोटी है, लेकिन इसकी बोलने की शक्ति बहुत बड़ी है। उन्होंने रंगमंच को कमजोर करने की कोशिशों का विरोध करने का आह्वान किया। अरिंदम रॉय ने कहा, रंगमंच ने हमेशा सत्य बोला है और सत्य के आधार पर ही आगे बढ़ा है। वहीं, सुपर्णा भट्टाचार्य ने रंगकर्मी



के जीवन में ईमानदारी की महत्ता पर जोर दिया। इसके बाद, बेहाला थर्डबेल ने नाटक प्रवीर गुहार का 'स्वच्छन पखिर बसा' प्रस्तुत किया, जिसका निर्देशन और एकल प्रदर्शन शांतनु भट्टाचार्य ने किया। इसके बाद, अरिंदम रॉय ने नाटक गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंतिम भाग में, नेताजीनगर सरस्वती नाट्यशाला ने मोहित चट्टोपाध्याय द्वारा लिखित और आरुष दत्त द्वारा निर्देशित नाटक कंथा प्रस्तुत किया, जिसमें बेबी सेन और आरुष की जोड़ी ने जीवन के सच्चे प्रतिबिंब को दर्शाया। अंत में, आरुषि के अध्यक्ष श्री विकास चंद्र चट्टोपाध्याय और निदेशक श्री जगदीप दास ने कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# हावड़ा में दो सौ बेघर परिवारों को दिया गया वित्तीय मुआवजा

**हावड़ा, समाज्ञा**

पानी का पम्प फटने की वजह से धंसान के कारण बेघर हुए दो सौ परिवारों को गुरुवार से आर्थिक मदद की जा रही है। जिलाधिकारी पी. दीप प्रिया ने बताया कि इस दिन, 60 गंभीर रूप से प्रभावित परिवारों को 15 हजार रुपये तथा 113 कम प्रभावित परिवारों को 10 हजार रुपये के चेक सौंपे गए। अस्थायी आवास के रूप में एक स्कूल भवन की भी व्यवस्था की गई है। बेघर लोगों ने कंटेनरों में आवास की व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। उनकी मांग है कि प्रशासन उन्हें आवास मुहैया कराए।



बुधवार से ही बेलगछिया डंपिंग ग्राउंड से कोलकाता के धापा तक चरणबद्ध तरीके से कचरा हटाया जा रहा है। शहर के विभिन्न हिस्सों में अभी भी कचरे के ढेर लगे हुए हैं। इससे इलाके में दुर्गंध भी फैल रही है। सूत्रों के अनुसार, हावड़ा जिला अंतर्गत बेलगछिया के भागाड़ में भूस्खलन के कारण 260 परिवार बेघर हुए लोगों ने मुआवजे की मांग की है। प्रशासन का कहना है कि जो लोग बेघर हुए हैं उन्हें आवास योजना के जरिए पक्के मकान मुहैया कराए जाएंगे। इससे पहले प्रशासन उस क्षेत्र की मिट्टी की जांच करना चाहता है कि मिट्टी भारी निर्माण परियोजना का भार सहन करने में सक्षम है या नहीं।

## तृणमूल कांग्रेस को 'गति के तीसरे नियम' का करना पड़ेगा सामना : शुभेंदु अधिकारी

- भाजपा नेता ने बारुईपुर–पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन
- अप्रैल में भाजपा का नवान्न अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता (एलओपी) शुभेंदु अधिकारी ने गुरुवार को दावा किया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को राज्य भर में कथित हिंसा के लिए 'न्यूटन के गति के तीसरे नियम' (प्रत्येक क्रिया के लिए एक समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है) का सामना करना पड़ेगा। इस दिन, विपक्ष के नेता ने बारुईपुर–पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सामने एक विरोध–प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी न्यूटन के गति के तीसरे नियम के बारे में जानते हैं, जो कहता है कि हर क्रिया के लिए समान और विपरीत प्रतिक्रिया होती है। तृणमूल को पिछले कई साल से पूरे राज्य में फैली गुंडागर्दी और हिंसा की कीमत चुकानी पड़ेगी, और भाजपा यह सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद से भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं की हत्या की जा रही है और इस तरह की लगातार हिंसा का कोई न्याय नहीं है। उन्होंने दावा किया कि हत्यारे अभी भी खुलेआम घूम रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर तृणमूल कांग्रेस सोचती है कि वह हमेशा पश्चिम बंगाल में सत्ता में रहेगी, तो वे गलतफहमी में हैं। उन्होंने कहा कि एक समय में सभी को लगता था कि सीपीआई (एम) कभी सत्ता से बाहर नहीं हो सकती। उत्तर प्रदेश में, ऐसा माना जाता था कि समाजवादी पार्टी हमेशा सत्ता में रहेगी। इसी तरह, ऐसा माना जाता था कि बिहार में लालू प्रसाद यादव और उनका परिवार हमेशा सत्ता में रहेगा। वे सभी अब कैलेंडर बन गए हैं। उन्होंने दावा किया कि इसी तरह पश्चिम बंगाल में भी तृणमूल कांग्रेस का शासन जल्द ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि नवान्न अभियान कार्यक्रम अप्रैल में आयोजित किया जा रहा है।

### हावड़ा के कचरा निपटान के लिए नया कदम, धापा मैदान में भेजा जाएगा कचरा

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के कचरा निपटान के लिए एक नया कदम उठाया गया है। गुरुवार से हावड़ा का कचरा और गंदगी साफ करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। अब हावड़ा का सारा कचरा फिलहाल कोलकाता के धापा मैदान में भेजा जाएगा। इससे पहले हावड़ा के बेलगछिया में कचरा फेंकने पर मंत्री फिरहाद हाकिम ने रोक लगा दी थी। इस रोक के बाद, हावड़ा के विभिन्न हिस्सों में कचरा फेंके जाने को लेकर अशांति और विरोध प्रदर्शन हुए थे। बेलगछिया में कचरे के ढेर के पास की सड़कें और घरों में बड़े–बड़े दरारे देखी गई कई घरों के ढहने की खबरें भी सामने आईं। इन घटनाओं के बाद से ही इलाके के लोगों में डर का माहौल है। मेयर फिरहाद हकीम ने खुद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और बेलगछिया में कचरा डालने पर प्रतिबंध लगाया।

## दुर्गापुर में तालाब में डूबे तीन युवकों के शव बरामद

**दुर्गापुर :** तीन युवक तालाब में नहाने गये थे। अंत में तीन शव बरामद हुए। चौंकाने वाली घटना दुर्गापुर के बुदबुद के गोविंदपुर इलाके में हुई। उस क्षेत्र में घना जंगल है। पास में एक तालाब है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, गुरुवार की सुबह चार युवक तालाब के किनारे पिकनिक मना रहे थे। पिकनिक के दौरान तीन लोग नहाने लगे। लेकिन कुछ ही देर में तीनों डूब गए। उनका एक और दोस्त उन्हें बचाने के लिए दौड़ता हुआ आता है। लेकिन उनका प्रयास विफल रहा। उनकी चीखें सुनकर आसपास के गांव के लोग घटनास्थल पर पहुंचे। वे भी आये और बचाव कार्य में मदद की। लेकिन, अंतिम बचाव संभव नहीं था। अंततः घटना की सूचना बुदबुद पुलिस थाने को दी गई। खबर मिलते ही बुदबुद थाने की पुलिस के साथ कांकसा थाने की पुलिस भी पहुंच गई। अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया। एक दमकल गाड़ी भी बचाव कार्य में शामिल हो गई। कुछ देर की मशक्कत के बाद कौशिक पाल (23) और प्रीतम पांचाल (24) नामक दो युवकों के शब बरामद कर लिए गए। कौशिक और प्रीतम को बचा लिया गया, लेकिन उनके दोस्त अरित्रा पाल (23) का शव बरामद नहीं किया जा सका। उसकी खोज काफी समय तक जारी रही। यदि कुछ समय बाद अरित्र का शव भी बरामद हो जाता है। हालांकि, तब तक सब खत्म हो चुका था।



## पांडेश्वर में युवक का झूलता शव बरामदगी के दौरान पुलिस पर हमला, डीसी समेत पांच पुलिस कर्मी घायल

**बर्दवान :** जिले में एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने के बाद इलाके में भारी बवाल हो गया। गुस्साए ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया, जिसमें आसनस–ोल–दुर्गापुर पुलिस कमिश्नरेट के डिप्टी कमिश्नर (ईस्ट) अभिषेक गुप्ता समेत पांच पुलिस कर्मी घायल हो गए। घटना गुरुवार को हुई जब पुलिस को 22 वर्षीय युवक पल्लव का शव मिलने की सूचना मिली। पुलिस ने नियमानुसार शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन तभी पल्लव के परिवारवालों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें बिना सूचित किए शव उठा लिया। परिवार के आरोपों से स्थानीय लोग भड़क उठे और उन्होंने इलाके में तोड़फोड़ शुरू कर दी। कुछ घरों और दुकानों में तोड़फोड़ की गई, वहीं सड़कों पर खड़ी मोटरसाइकिल और साइकिलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जब पुलिस बल और डिप्टी कमिश्नर अभिषेक गुप्ता मौके पर पहुंचे, तो आक्रोशित भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसमें कई पुलिसकर्मी घायल हुए, जबकि गुप्ता के माथे पर चोट लगी। हालात काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। स्थानीय लोगों के अनुसार, पल्लव का एक शादीशुदा महिला से प्रेम संबंध था। बुधवार रात वह महिला के घर गया था, जहां महिला के पति ने उसे पकड़ लिया और कमरे में बंद कर दिया। गुरुवार की सुबह उसी कमरे से पल्लव का शव बरामद हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक रूप से यह आत्महत्या का मामला लग रहा है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण स्पष्ट होगा। मीडिया से बातचीत में डिप्टी कमिश्नर गुप्ता ने कहा कि पुलिस का कर्तव्य है कि मृतक का शव बरामद कर अस्पताल पहुंचाया जाए। हमने सिर्फ अपना कर्तव्य निभाया, लेकिन इस दौरान हिंसा हो गई। उन्होंने यह भी बताया कि पथराव में पांच पुलिस कर्मी घायल हुए हैं, लेकिन अब हालात नियंत्रण में हैं।



## विश्व नवकार मंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर जीतो पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक





**परम पू. आचार्य पद्मश्री चुनावी महासतीजी के सुशिष्या पू. दिव्याश्रीजी और पू. शास्वतजी महासतीजी के साथ विश्व नवकार महामंत्र 9/4/25 के कार्यक्रम में जीतो के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन, कार्यक्रम के संयोजक दिनेश गंगवाल, चंद्रेश मेधाणी, राजेन्द्र जैन, बिनोद सचैती, अतुल दोषी, केतन दोषी, भरत देसाई, किती सेठ, पप्पू खारा और भरत वोरा ने भवानीपूर के कामाणी जैन भवन में महासती जी से नेताजी इनडोर स्टेडियम पधार ने का निमंत्रण दिया।**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विश्व नवकार मंत्र दिवस की भव्य तैयारियों को गति देने के लिए जीतो (जीतो) के पदाधिकारियों ने इंडियन पॉलिटिकल एक्शन कमिटी (आईपैक) के चेयरमैन प्रतीक जैन से मुलाकात की। इस महत्वपूर्ण बैठक में तैयारियों की समीक्षा की गई और प्रतीक जैन को कार्यक्रम में शामिल होने का औपचारिक आमंत्रण दिया गया। यह विशाल कार्यक्रम 9 अप्रैल को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर तैयारियां जोरों पर हैं। इस विशेष बैठक में जीतो के चेयरमैन धर्मेंद्र जैन समेत कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें वाइस चेयरमैन निर्मल बिंदयका, संजय काला, रौशन जैन, मयंक जैन, अनिता गंगवाल, आदित्य श्यामसुखा और वैभव जैन की प्रभावशाली उपस्थिति रही। बैठक के दौरान कन्वेनर दिनेश जैन गंगवाल ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की और आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रतीक जैन ने जीतो के प्रयासों की सराहना की और इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। आगामी विश्व नवकार मंत्र दिवस को लेकर समाज में उत्साह और उमंग का माहौल बना हुआ है और यह आयोजन अध्यात्म, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक बनने जा रहा है।

### चिंगरीघाटा में गाड़ी पार्किंग को लेकर युवतियों से मारपीट में टिंकू मंडल गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के चिंगरीघाटा में गाड़ी पार्किंग को लेकर दो युवतियों के साथ ईंट से मारपीट के मामले में आखिरकार मुख्य आरोपी टिंकू मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे गुरुवार को विधाननगर अदालत में पेश किया। मिली जानकारी के अनुसार, 19 मार्च को चिंगरीघाटा में एक युवती को बालों से पकड़कर खींचते हुए ईंट से हमला किया। इससे पहले, 18 मार्च को गाड़ी पार्किंग को लेकर टिंकू मंडल के साथ उसकी बहस हुई थी। आरोप है कि तृणमूल कार्यकर्ता अपनी पहचान के चलते उस युवती को परेशान करते थे। इस घटना के बाद जब युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई तब टिंकू को गिरफ्तार किया, हालांकि बाद में उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### लिलुआ में एक व्यक्ति की रहस्यमय मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा की लिलुआ में एक व्यक्ति की रहस्यमय मौत का मामला सामने आया है। जहां मृतक का शव एक तालाब के किनारे पेड़ से बरामद हुआ, वहीं, दूसरी और मृतक का घर भी पूरी तरह से जल कर राख हो गया है। मृत व्यक्ति का नाम अरुण राय है। जो लिलुआ थाना क्षेत्र के तातिपाड़ा इलाके का निवासी था। जानकारी के अनुसार, बुधवार की रात उसके घर में भीषण आग लग गई। आग देखते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। इस बीच, खबर मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ी और पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने तुरंत आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन तब तक सबकुछ जल कर राख हो गया था। उसी दौरान एक तालाब के पास स्थित एक पेड़ से घर के मालिक का लटका हुआ शव भी बरामद किया गया। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद अनुमान लगाया जा रहा है कि गैस सिलेंडर फटने के कारण आग लगी होगी। पुलिस इस मामले की हर पहलुओं से जांच कर रही है।

### पीएनबी मेटलाइफ ने पुरुलिया जिले में स्वच्छ जल तक पहुंच बढ़ाई

**पुरुलिया :** पीएनबी मेटलाइफ ने पर्यावरण एवं सामाजिक–आर्थिक उत्थान केंद्र (सीईएसआर) के सहयोग से आज पुरुलिया जिले के मधुपुर गांव में सौर ऊर्जा से चलने वाले वाटर पॉइंट्स का उद्घाटन किया, जो स्वच्छ जल तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस पहल से 300 से अधिक आदिवासी परिवारों को प्रतिदिन लगभग 10,000 लीटर स्वच्छ जल की क्षमता वाले स्थायी जल स्रोत का लाभ मिलेगा। पीएनबी मेटलाइफ के मुख्य विपणन एवं संचार अधिकारी सौरभ लोहटिया ने कहा, पुरुलिया में युवा लड़कियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के हमारे प्रयासों के दौरान, हमने पाया कि स्वच्छ पानी तक पहुँच – जो स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए आवश्यक है – इस क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है। मधुपुर में सौर ऊर्जा से चलने वाले वाटर पॉइंट्स इस ज़रूरत को पूरा करने में मदद करेंगे।

### कम तेल, लेकिन सही तेल: खाना पकाने और स्वस्थ जीवन का स्मार्ट तरीका

**कोलकाता :** आजकल अधिक से अधिक लोग और स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके सावधानी से खपत के महत्व को पहचान रहे हैं जिससे खाद्य तेल के कम उपयोग के बारे में चर्चा बढ़ रही है। मारिको की मुख्य अनुसंधान एवं विकास अधिकारी डॉ. शिल्पा वोरा इस विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताती हैं कि खाद्य तेल का सोच–समझकर उपयोग और संतुलित पोषण लंबे समय तक स्वास्थ्य बनाए रखने में मदद करता है। सूचनात्मक पैकेजिंग के माध्यम से तेल के सेवन को बढ़ावा देने से लेकर, भोजन में तेल के अवशोषण को कम करने वाली लोसॉरब प्रौद्योगिकी जैसे अभूतपूर्व नवाचारों को प्रस्तुत करने तक, सफोला बहु–स्रोत खाद्य तेल लंबे समय से उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक विकल्प के चुनावमेंमदद के लिए प्रतिबद्ध है।

## हाईकोर्ट ने जादवपुर विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में राजनीतिक हस्तियों के शामिल होने पर लगाई रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को जादवपुर विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि वह संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में किसी भी राजनीतिक पदाधिकारी को आमंत्रित न करे। इसने कहा कि समारोह केवल शिक्षाविदों की भागीदारी के साथ आयोजित किए जाने चाहिए। यह देखते हुए कि शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के वाहन को कथित रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया गया था, जब वे हाल ही में एक बैठक के लिए विश्वविद्यालय गए थे, मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगनम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने सवाल किया कि अगर वहां की स्थिति अनुकूल नहीं थी तो मंत्री ने परिसर का दौरा करने का निमंत्रण क्यों स्वीकार किया? अदालत ने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि वह संस्थान द्वारा आयोजित किसी भी कार्यक्रम में राजनीतिक पदाधिकारियों को आमंत्रित न करे। न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी (दास) की पीठ ने निर्देश दिया कि केवल शिक्षाविदों को ही इसके कार्यक्रमों या सेमिनारों में आमंत्रित किया जाना चाहिए। दरअसल, अदालत जादवपुर विश्वविद्यालय में अराजकता और अनुशासनहीनता का आरोप लगाने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी और संस्थान में व्यवस्था बहाल करने के लिए अदालत से हस्तक्षेप करने की मांग कर रही थी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि यह स्थिति कुछ राजनीतिक संबद्धता वाले छात्रों के एक गुट द्वारा पैदा की जा रही है। याचिकाकर्ता ने परिसर और छात्राव–ासों की सुरक्षा करके शिक्षण और गैर–शिक्षण दोनों कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और परिसर में कोलकाता पुलिस की निगरानी में राज्य सरकार की सशस्त्र पुलिस या केंद्रीय बलों की तैनाती करने के निर्देश देने की मांग की। याचिकाकर्ता ने विश्वविद्यालय में होने वाले सभी अपराधों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल गठित करने की भी प्रार्थना की। यह भी प्रार्थना की गई कि दक्षिण कोलकाता में स्थित प्रमुख विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर के अंदर एक स्थायी पुलिस चौकी स्थापित की जाए।

विश्वविद्यालय की ओर से पेश हुए वकील ने प्रस्तुत किया कि 15 मार्च को कुलपति की अध्यक्षता में वर्चुअल मोड में एक बैठक हुई और संस्थान के सुचारू संचालन के लिए कुछ निर्णय लिए गए। न्यायालय ने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि वह तीन सप्ताह के भीतर एक हलफनामा दाखिल करे, जब मामले की फिर से सुनवाई होगी, जिसमें ऐसे निर्णयों के क्रियान्वयन का तरीका बताया जाएगा। न्यायालय ने कहा कि विश्वविद्यालय को यह याद दिलाने की आवश्यकता नहीं है कि छात्र के अलावा कोई भी व्यक्ति विश्वविद्यालय में प्रवेश करने या छात्रावास में रहने का हकदार नहीं है और यदि ऐसा है, तो उसे अधिकारियों की अनुमति से ही ऐसा करना चाहिए। पीठ ने कहा कि विश्वविद्यालय को यह नहीं कहना चाहिए कि वह परिसर में व्यक्तियों के प्रवेश और निकास को नियंत्रित नहीं कर सकता। विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया गया कि परिसर के अंदर सुरक्षा का ध्यान वर्तमान में निजी एजेंसियों द्वारा रखा जाता है। न्यायालय ने सवाल किया कि क्या निजी सुरक्षा एजेंसियांपरिसर, छात्रों, शिक्षण और गैर–शिक्षण और प्रशासनिक कर्मचारियों के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान कर सकती हैं। पीठ ने कहा कि यह संदेह हमारे मन में 2014 से जादवपुर पुलिस स्टेशन में विश्वविद्यालय और उससे जुड़े मामलों के संबंध में दर्ज की गई बड़ी संख्या में एफआईआर को ध्यान में रखते हुए उत्पन्न हुआ है। न्यायालय ने कहा कि मामले की फिर से सुनवाई होने पर इस पहलू को संबोधित करने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि विश्वविद्यालय ने आवश्यक पुलिस सहायता के लिए राज्य सरकार से संपर्क क्यों नहीं किया है। अदालत ने कहा कि अगली सुनवाई पर इस पहलू पर भी विचार किया जाएगा।

### खादिम मालिक अपहरण मामला: हाईकोर्ट ने सात दोषियों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी

**कोलकाता :** खादिम कंपनी के मालिक पार्थ रॉय वर्मन के अपहरण मामले में हाईकोर्ट ने सात दोषियों की उम्रकैद की सजा बरकरार रखी है। हालांकि, एक आरोपी को राहत देते हुए कोर्ट ने उसे मुक्त कर दिया। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति देवांशु बसाक की पीठ में हुई। गौरतलब है कि 25 जुलाई 2001 को सुबह करीब साढ़े 11 बजे टॉपसिया के सीएन रॉय रोड से खादिम कंपनी के मालिक पार्थ रॉय वर्मन का अपहरण कर लिया गया था। खबरों के मुताबिक, 2 अगस्त को 3.75 करोड़ रुपये की फिरौती मिलने के बाद उन्हें रिहा किया गया। इस मामले की जांच के दौरान कोलकाता स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर हमले के आरोपी अफताब अंसारी का नाम भी सामने आया। अफताब को 23 जनवरी 2002 को दुबई से गिरफ्तार किया गया था और बाद में कोलकाता लाया गया। अपहरण कांड में शामिल आठ आरोपी लंबे समय तक फरार रहे। लेकिन 2012 में विभिन्न स्थानों से उनकी गिरफ्तारी के बाद इस मामले की दोबारा सुनवाई शुरू हुई। 2017 में अलीपुर के अतिरिक्त जिला सत्र न्यायालय ने आठों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद दोषियों ने इस फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी, जिस पर अब फैसला सुनाते हुए सात दोषियों की सजा को बरकरार रखा गया है, जबकि एक आरोपी को मुक्त कर दिया गया है।

### शहर में आज

- **श्री नींबूतल्ला पंचायत गवरजा सेवा ट्रस्ट :** संगीतमय गवरजा गीत वंदना संध्या, रात्रि 8 बजे से, स्थान– 14/1/1, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, क्लब भवन, श्री नींबूतल्ला स्पोर्टिंग क्लब कक्ष में, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **श्री राणी सती जी शोभायात्रा समिति :** निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, स्थान– 24, गोयनका लेन, ढ़ाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **बाबा श्री रामदेव जी प्राचीन मंदिर :** बाबा रामदेवजी की आरती, सायं 7 बजे से, स्थान– 3, जगबंधु बोराल लेन, मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी हॉस्पिटल के सामने गली में, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **रजनी फाउंडेशन :** बाबा रामदेवजी की आरती, रात्रि 8 बजे से, स्थान– 28/1ए, रतन सरकार गार्डेन स्ट्रीट, तारा सुंदरी पार्क के पास, बड़ाबाजार, कोलकाता।
- **बाल किसन जी चांडक परिवार :** सांवरिया सेठ जी की आरती, सुबह 7 बजे से, स्थान– चांडक निवास, शिव बाजार, मेदिनीपुर।

## ममता के खिलाफ भाजपा का महिला चेहरा अग्निमित्रा? भाजपा विधायक के लगे पोस्टर

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव से पहले शहर में राजनीतिक पोस्टर युद्ध शुरू हो गया है। गुरुवार की सुबह केष्टोपुर में सड़क के किनारे अग्निमित्रा पॉल के नाम का बैनर देखा गया। डिवाइडर पर लटके पीले बैनर पर लिखा है, 'अग्निमित्र चाहिए।' इस पर साफ तौर पर लिखा है, 'बंगाल की असुरक्षित महिला समाज। सवाल यह है कि ऐसा पोस्टर दिया गया? लेकिन भाजपा का एक वर्ग अधिमित्रा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के रूप में देखना क्या चाहता है? बैनर में अग्निमित्रा को बंगाल की नारी शक्ति की रक्षक बताया गया है। क्या है यह बैनर 2026 के चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के रूप में महिला शीला को शामिल करने के लिए? राजनीतिक हलकों में स्मारक शुरू हो गए हैं। हालांकि, बीजेपी इन सभी पर कार्रवाई नहीं कर रही है। बीजेपी नेता सजल घोष का दावा है कि ये असल में आईपैक का काम है। उन्होंने कहा कि मोटे डॉक्टरों ने अग्निमित्रा को अलग–अलग जांचने के लिए ये सब किया है। लेकिन, बीजेपी में कई शिक्षित और बुद्धिमान लोग हैं। वे सब कुछ समझते हैं।



## गंगासागर में स्वामी विवेकानंद और ईश्वरचंद्र विद्यासागर की मूर्तियों का अनावरण, विद्यालय में सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन

**सागर :** गंगासागर के विष्णुपुर अवैतनिक प्राथमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद और ईश्वरचंद्र विद्यासागर की मूर्तियों का अनावरण और विद्यालय में सीसीटीवी कैमरों का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर सुंदरबन विकास मंत्री और सागर के विधायक बंकिमचंद्र हाजरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ सागर पंचायत समिति की अध्यक्ष साबिना बीबी, उपाध्यक्ष स्वपन कुमार प्रधान, उपप्रमुख हरिपद मंडल सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

इस कार्यक्रम के दौरान गुनियों को सम्मानित किया गया तथा खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ। मंत्री ने स्कूल की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया और छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के लिए दो कंप्यूटर देने की घोषणा की।



विद्यालय के प्रधानाध्यापक स्वदेश मंडल ने बताया कि विष्णुपुर अवैतनिक प्राथमिक विद्यालय दक्षिण 24 परगना जिले के सागर सर्कल के प्रमुख विद्यालयों में से एक है। विद्यालय की आधारभूत संरचना को बनाए रखने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। स्कूल को आधुनिक बनाने के लिए स्मार्ट क्लासरूम और अधिक शिक्षकों की आवश्यकता है। उन्होंने सरकार से आर्थिक सहायता की अपील करते हुए कहा कि अगर सहयोग मिले तो इस विद्यालय को एक आदर्श विद्यालय बनाया जा सकता है।

## डोमजूर में घर के पास मिला बच्चे का क्षत-विक्षत शव, हत्या की आशंका

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले के डोमजूर इलाके में गुरुवार को एक बच्चे जला हुआ शव मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मृत बच्चे का नाम शेख आयुष (4) है। वह डोमजूर के दासपाड़ा इलाके का निवासी था और एक स्थानीय स्कूल में पढ़ता था। गुरुवार को बच्चा सुबह से लापता था। बाद में, एक स्थानीय व्यक्ति ने पास के खेत के किनारे बच्चे का शव पड़ा देखा। यह शव घर से महज 200 मीटर की दूरी पर था। सूत्रों के अनुसार, आयुष के हाथ, पैर और पीठ पर जलने के निशान थे और उसका चेहरा बुरी तरह से कुचला हुआ था। उसके हाथ और पैर बंधे हुए थे, जो इसे एक साजिशपूर्ण हत्या की ओर इशारा करता है।



घटना से इलाके में दहशत फैल गई है और लोग इस जघन्य अपराध को लेकर चिंता व्यक्त कर रहे हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बच्चे को क्यों मारा गया। इस मामले की जांच जारी है।

### वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने किया अपने फ्लीट ऑपरेशन्स का विस्तार

**कोलकाता :** भारत में 'जॉय ई-बाईक' ब्राण्ड के तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन और 'जॉय ई–रिक' के तहत तिपहिया वाहन बनाने वाले निर्माताओं में से एक वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने फ्लीट ऑपरेशन्स एवं लास्ट–माईल डिलीवरी मोबिलिटी में अपनी मौजूदगी को सशक्त बना लिया है। स्पीडफोर्स ईवी के साथ साझेदारी में हैदराबाद में 100 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों को सफलतापूर्वक डिप्लॉय करने के बाद कंपनी अब कोलकाता, पुणे और अहमदाबाद में 400 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन डिप्लॉय कर रही है। इस अवसर पर यतिन गुप्ते, चेयरमैन एवं प्रबन्ध निदेशक, वार्डविज़र्ड इनोवेशन्स एण्ड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहा, "हमने वित्तीय वर्ष 25–26 के दौरान भारत के कई राज्यों में राईड सेक्टर में 5000 एल5 यात्री इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन डिप्लॉय करने का लक्ष्य रखा है।"

## न्यूज इन ब्रीफ

### राजस्थान : उत्तरी हवाओं के असर से अधिकतम तापमान में गिरावट आने का अनुमान

**जयपुर :** राजस्थान के विभिन्न हिस्सों में तेज हवाओं के असर से तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जयपुर स्थित मौसम केंद्र के अनुसार आगामी 48 घंटों में उत्तरी हवाओं के प्रभाव से न्यूनतम व अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की प्रबल संभावना है। इसके अनुसार आगामी एक सप्ताह मौसम मुख्यतः शुष्क रहने व आगामी दो दिनों में उत्तर-पश्चिमी व उत्तरी राजस्थान में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अपेक्षाकृत तेज सतही हवाएं चलने की संभावना है।

### इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हड़ताल शुक्रवार को भी जारी रहेगी

**प्रयागराज :** आधिकारिक आवास पर भारी मात्रा में नकदी मिलने के संबंध में जांच का सामना कर रहे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण के खिलाफ इस उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं की हड़ताल आज तीसरे दिन भी जारी रही। इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि अधिवक्तागण 28 मार्च को भी हड़ताल पर रहेंगे। बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे हुई कार्यकारिणी की बैठक में 28 मार्च को सभी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को आंदोलन में सहयोग करने के लिए आमंत्रित करने का सुझाव दिया गया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के सचिव विक्रांत पांडेय ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, 'हमारा संकल्प है कि जब तक इस मुद्दे (न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के स्थानांतरण पर रोक) पर उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम द्वारा ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, हम हड़ताल जारी रखेंगे।' उन्होंने कहा, 'कल शाम मेरी एसोसिएशन के अध्यक्ष से बात हुई जिसमें उन्होंने बताया कि सरकार ने उन्हें आश्वासन दिया है कि कॉलेजियम की स्थानांतरण की सिफारिश पर कोई निर्णय नहीं किया जाएगा।'

# लखनऊ पुनर्वास केंद्र में चार बच्चों की मौत, 12 से अधिक की तबीयत बिगड़ी



**लखनऊ :** लखनऊ के पैरा इलाके में स्थित एक सरकारी पुनर्वास केंद्र में कथित तौर पर विषाक्त भोजन करने से चार बच्चों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य बीमार हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस केंद्र के करीब 20 बच्चे मंगलवार शाम अचानक बीमार पड़ गए जिन्हें लोकबंधु राज नारायण संयुक्त अस्प-ताल ले जाया गया। लखनऊ के जिलाधिकारी विशाख जी. ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, 'इस आश्रय गृह की दो लड़कियों और दो लड़कों समेत कुल चार बच्चों की मौत हुई है। इनकी उम्र 12 से 17 वर्ष के बीच है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और इनके विसरा संरक्षित रखे जाएंगे।' प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना के बाद लोकबंधु अस्पताल का दौरा किया और सरकारी पुनर्वास केंद्र में भोजन विषाक्तता के संदिग्ध मामले के बाद अस्पताल में भर्ती बच्चों से मुलाकात की। पाठक ने संवाददाताओं से कहा कि प्रभावित बच्चों को गहन चिकित्सा देखभाल मिल रही है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, 'एक बच्चे को दौरे पड़ रहे हैं, लेकिन वह खतरे से बाहर है। उसे बेहतर उपचार दिया जा रहा है।' मंत्री ने कहा कि भोजन विषाक्तता का संदेह है और पुनर्वास केंद्र से भोजन के नमूने परीक्षण के लिए भेजे गए हैं। उन्होंने कहा, 'खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से बात की गयी है और जांच के परिणाम आने के बाद सटीक कारण स्पष्ट हो जाएगा। हालांकि हमारी प्राथमिकता बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करना है।' पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर चिंता व्यक्त की है और वे बच्चों से मिलने अस्पताल जाएंगे। उन्होंने आश्वासन दिया, 'सरकार प्रभावित बच्चों के साथ खड़ी है और सुनिश्चित करेगी कि उन्हें सबसे अच्छा इलाज मिले।' दूषित भोजन या पानी की वजह से यह घटना होने की आशंका के बारे में पूछे जाने पर पाठक ने कहा कि जांच के बाद ही इसका कारण पता चलेगा। उन्होंने कहा, 'लखनऊ के जिलाधिकारी और अन्य अधिकारियों को पुनर्वास केंद्र का दौरा करने और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।'

### राजस्थान पुलिस को मिले 150 नए वाहन, मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झंडी

**जयपुर :** राजस्थान पुलिस को 150 नए वाहन मिले हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को यहां आयोजित एक कार्यक्रम में इन नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शर्मा ने राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत जवाहर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम 'सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प समारोह' के दौरान 150 नये पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आधिकारिक बयान के अनुसार, राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। इसके लिए पुलिस बल को तमाम आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस बल में शामिल हुए इन नए वाहनों से राज्य में आमजन के लिए सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी।

## न्यूज अपडेट

### शाहजहांपुर में चार बच्चों की हत्या कर पिता ने खुदकुशी की



**शाहजहांपुर (उप्र) :** शाहजहांपुर जिले में पिता ने चार बच्चों की धारदार हथियार से कथित तौर पर गला काटकर हत्या करने के बाद खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यह घटना बुधवार रात थाना रोजा अंतर्गत मानपुर चचरी गांव में हुई। उन्होंने कहा कि मानपुर चचरी गांव निवासी राजीव कुमार (36) ने अपने घर में चार बच्चों स्मृति (12), कीर्ति (9), प्रगति (7) और ऋषभ (5) की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। एसपी ने कहा कि इसके बाद राजीव ने घर के दूसरे कमरे में जाकर खुद भी फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि राजीव की पत्नी बुधवार को मायके गई थी। द्विवेदी ने परिजनों से पूछताछ के हवाले से बताया कि बृहस्पतिवार सुबह सात बजे जब राजीव के घर का दरवाजा नहीं खुला तो उसके पिता छत के रास्ते घर के अंदर गए तब उन्हें घटना की जानकारी हुई और पुलिस को सूचना दी गई। एसपी ने राजीव के पिता के हवाले से बताया कि वह (राजीव) एक साल पहले हादसे का शिकार हो गया था जिसमें उसके सिर में काफी चोट आई थी। एसपी ने कहा हादसे के बाद से राजीव अक्सर उग्र हो जाता था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिस हथियार से बच्चों का गला रेता गया उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस हथियार पर राजीव ने बुधवार रात रेती से धार भी लगाई थी और इसे (रेती) भी कब्जे में लिया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले में जांच की जा रही है।

### बिहार के गया में पुलिसकर्मी ने 'सर्विस रिवॉल्वर' से खुद को गोली मारकर आत्महत्या की

**गया :** बिहार के गया जिले में एक पुलिसकर्मी ने कथित तौर पर अपनी सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) आनंद कुमार ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक नीरज कुमार (40) मुफस्सिल थाने में तैनात थे। उन्होंने बताया कि लखीसराय जिले के मूल निवासी कुमार लंबी छुट्टी के बाद लौटे थे और वह बुधवार देर रात पुलिस लाइन के पास एक पार्क में मृत पाए गए। उन्होंने कहा कि एएसआई के आत्महत्या करने के कारणों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है।

### संभल की शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष की अंतरिम जमानत याचिका खारिज

**संभल (उप्र) :** उत्तर प्रदेश में संभल की एक स्थानीय अदालत ने शाही जामा मस्जिद के अध्यक्ष जफर अली की अंतरिम जमानत याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी और उनकी स्थायी जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए दो अप्रैल की तिथि निर्धारित की। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता हरिओम प्रकाश सैनी ने बताया कि अपर जिला जज (द्वितीय) निर्भय नारायण राय की अदालत में यह सुनवाई हुई, जहां अदालत ने अली की अंतरिम जमानत की अर्जी खारिज कर दी। सैनी ने कहा कि सुनवाई के दौरान, जफर अली के वकील ने अंतरिम जमानत के लिए दलील दी, जबकि अभियोजन पक्ष ने जामा मस्जिद के अध्यक्ष के खिलाफ गंभीर आरोपों का हवाला देते हुए इसका विरोध किया।

## आस्था भी अर्थव्यवस्था और आजीविका का आधार बन सकती है: मुख्यमंत्री योगी



**मिर्जापुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि आस्था भी अर्थव्यवस्था और आजीविका का आधार बन सकती है। प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'आस्था भी अर्थव्यवस्था और आजीविका का आधार बन सकती है। महाकुंभ ने इसे सिद्ध किया है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि मां विंध्यवासिनी कॉरिडोर लाखों श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगा जिससे न केवल आध्यात्मिक समृद्धि आएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। योगी ने कहा कि मेरठ को प्रयागराज से जोड़ने वाला गंगा एक्सप्रेसवे इस देश में सबसे बड़ा एक्सप्रेसवे बन जाएगा जिससे व्यापक संपर्क और आर्थिक वृद्धि सुगम होगी। उन्होंने कहा कि इसे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए जल्द ही एक सर्वेक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'एक्सप्रेसवे इस अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। जितना मजबूत आधारभूत ढांचा होगा, बेहतर कनेक्टिविटी होगी उतना ही विकास की बेहतर संभावना होगी। इस तरह की ढांचागत परियोजनाएं इस राज्य की समृद्धि बढ़ाने में महत्वपूर्ण हैं।' ग्रामीण क्षेत्रों के कल्याण विशेषकर जल संकट के मुद्दे की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा, 'पूर्व की सरकारों ने मिर्जापुर में आपको प्यासा और खेतों को सूखा छोड़ दिया। हर घर जल योजना के तहत मौजूदा सरकार हर घर में स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है। सरकार गर्मी के महीनों में जल संकट रोकने के लिए ठोस कदम उठा रही है।' योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यम योजना के तहत युवा पांच लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण के लिए पात्र हैं और समय पर ऋण की वापसी से उद्यमी भविष्य में अधिक ऋण पा सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां विंध्यवासिनी धाम में पूजा अर्चना भी की।

## भाजपा नेता की हत्या के मामले में झारखंड विधानसभा में हंगामा



**रांची :** झारखंड विधानसभा में बृहस्पतिवार को भाजपा नेता की हत्या के मामले को लेकर जमकर हंगामा हुआ। भाजपा की रांची ग्रामीण जिला इकाई के महासचिव एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो 'टाइगर' की बुधवार को राज्य की राजधानी में कांके चौक के निकट मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। कार्यवाही शुरू होने के दो मिनट के भीतर ही अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजकर 55 मिनट तक के लिए स्थगित कर दी, क्योंकि विपक्ष और सरकार दोनों के विधायक सदन के बीचोंबीच पहुंच गए थे। सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने पार्टी नेता की हत्या का मुद्दा उठाया और आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है। रांची से भाजपा विधायक सी.पी. सिंह ने राज्य सरकार को हत्यारी सरकार करार दिया और विधानसभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि वे 'हत्यारी सरकार को संरक्षण देना बंद करें।' इस आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने भाजपा पर राज्य में कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, आपराधिक घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं... लेकिन हजारीबाग आज ऐसी गतिविधियों का केंद्र क्यों बन गया है... कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने के लिए उकसावे की कोशिश की जा रही है। कुमार ने कहा, भाजपा झारखंड में कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने में लगी हुई है। निवासियों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करने और राज्य सरकार को कटघरे में खड़ा करने की कोशिश की जा रही है। अध्यक्ष ने सदस्यों से कई बार आग्रह किया कि सदन की कार्यवाही चलने दें, लेकिन पक्ष व विपक्ष दोनों के विधायक आसान के करीब आ गये और एक-दूसरे के खिलाफ नारे लगाने लगे, जिससे महतो को सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजकर 55 बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

समाज्ञा CINE मंत्र

## पिता सैफ पर चाकू से हमले की घटना से एहसास हुआ कि जिंदगी रातोंरात बदल सकती है: सारा अली खान



**बॉ**लीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने बुधवार को कहा कि पिता सैफ अली खान पर चाकू से हुआ हमला 'बहुत गंभीर' हो सकता था और इस घटना ने उन्हें जीवन की अनिश्चितता का एहसास कराया है।

सैफ (54) पर 16 जनवरी की सुबह मुंबई के बांद्रा स्थित उनके घर पर हमला हुआ था।

हमलावर ने सैफ पर चाकू से छह वार किये थे और आरोपी को बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था।

सैफ को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया और लीलावती अस्प-ताल में उनकी रीढ़ की हड्डी व प्ला-स्टिक सर्जरी की गई।

**सैफ को 21 जनवरी को छुट्टी दे दी गई।**

सारा ने 'एनडीटीवी' के युवा कार्यक्रम में इस घटना के बारे में खुलकर बात की और कहा कि पूरा परिवार आभारी महसूस कर रहा है।

उन्होंने कहा, और भी बुरा हो सकता था। मैं बहुत आभारी हूं कि सब कुछ ठीक है। यह हमें हमारे जीवन की कीमत बताता है। हम सभी मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के बारे में बात करते हैं। अपने जीवन के लिए आभारी होना बहुत महत्वपूर्ण है। और ऐसे क्षण आपको इसका एहसास कराते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या इस घटना ने परिवार को करीब ला दिया, जिसपर सारा ने कहा कि उनके अपने पिता के साथ घनिष्ठ संबंध हैं।

उन्होंने कहा, यह आपको एहसास दिलाता है कि आप जिन चीजों के पीछे भागते हैं, वे सिर्फ क्षण भर की हैं। इससे मुझे यह एहसास नहीं हुआ कि मैं अपने पिता से प्यार करती हूं, मैं यह बात 29 वर्ष से जानती हूं। इससे मुझे एहसास हुआ कि जिंदगी रातों-रात बदल सकती है। इसलिए हर दिन का हर सेकंड जश्न मनाने का हकदार है। इसने मुझे बस होने के महत्व का एहसास कराया।

सारा ने कहा कि उतार-चढ़ाव को सहजता से स्वीकार करना इस पूरी घटना से मिली एक और सीख है।

## खाकी द बंगाल चैप्टर में राजेश तिवारी की उम्दा अदाकारी-ओटीटी प्लेटफॉर्म पर छाई



**कोलकाता :** साल 2023 में 'खाकी: द बिहार चैप्टर' रिलीज हुई थी। इसे लोगों के बीच काफी पसंद किया गया था। अब इस क्राइम थ्रिलर का दूसरा सीजन 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' रिलीज होकर धूम मचा रही है। 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है। इसके क्रिएटर व शो रनर नीरज पांडे हैं। वह इसके लेखक भी हैं। वहीं निर्देशक देबात्मा मंडल और तुषार कांती राय अपनी अनूठी कहानी कहने की कला से इसे और भी दिलचस्प बना रहे हैं।

बंगाल की पृष्ठभूमि पर सेट की गई 'खाकी: द बंगाल चैप्टर' की कहानी पॉलिटिक्स, क्राइम, लॉ एनफोर्समेंट और करप्शन की जटिल दुनिया के इर्द-गिर्द घूमती है। क्राइम ड्रामा सीरीज 20 मार्च, 2025 से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। पुलिस, गैंगस्टर व सरकार के चक्रव्यूह के ताने बाने में बुनी सीरीज लोगों को काफी भा रही है।

**लोगों को आ रही काफी पसंद-राजेश तिवारी**

अभिनेता राजेश तिवारी बताते हैं कि यह सीरीज लोगों को काफी पसंद आ रही है। वह अपने अभिनय की चमक लगातार बिखेर रहे हैं। 'एमएस धोनी-द अनटोल्ड स्टोरी', 'बाब बिश्वास', 'शेरदिल-द पीलीभीत सागा', 'द लाइट-स्वामी विवेकानंद', 'अनवर का अजब किस्सा', 'द ग्रेट फ्रीडम फाइटर-बाल गंगाधर तिलक', 'छोटी-मोटी बातें' और 'कमबख्त इश्क-इतेफाक' में वह अपने अभिनय का लोहा मनवा चुके हैं। 'खाकी: द बंगाल चैप्टर'में भी वह काफी दमदार भूमिका में नजर आएंगे। इस सीरीज को लेकर वह काफी उत्साहित हैं। इसके साथ ही उन्होंने बांग्ला फिल्म उड़ो-चिठी' में अपने सशक्त अभिनय से भी सबको प्रभावित किया था। बड़े परदे पर आने से पहले उन्होंने रंगमंच की दुनिया व छोटे परदे पर भी गहरी छाप छोड़ी है। हावड़ा से निकलकर मुंबई फिल्मी दुनिया में पहुंचे राजेश 'पिया का घर', 'साहेब बीवी और गुलाम', 'गुनाहों के जख्म- प्रायश्चित', 'गोरा' और 'पांड्या स्टोर' जैसे लोकप्रिय धारावाहिकों में भी काम कर चुके हैं। उन्होंने अभिषेक बच्चन, केके मेनन, नवाजुद्दीन सिद्दिकी समेत कई अभिनेताओं के साथ काम किया है। अब वह 'खाकी: द बंगाल चैप्टर'में अपने अभिनय से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। वह कहते हैं कि यह सीरीज लोगों को काफी पसंद आ रही है। सभी टीम ने मिलकर इसे काफी रोमांचक बनाया है।

**दर्शकों के सामने बेहतरीन कहानी-**

अभिनेता राजेश तिवारी ने दावा किया कि यह सीरीज दर्शकों को बांधे रखने में कामयाब हुई है। 2000 के दशक की शुरुआत में कोलकाता में सेट की गई यह सीरीज आईपीएस अधिकारी अर्जुन मैत्रा (जीत स्टारर) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो गैंगस्टरों और भ्रष्ट राजनेताओं द्वारा शहर में बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने के मिशन पर निकले हैं। मैत्रा राजनीतिक भ्रष्टाचार और आपराधिक नेटवर्क की उलझी हुई दुनिया में गहराई तक उतरते हुए, व्यवस्था बहाल करने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले लेता है। सीरीज में जीत ने आईपीएस अधिकारी अर्जुन मैत्रा की भूमिका निभाई है, और अभिनेता प्रसेनजीत चटर्जी ने पॉलिटिशियन बरुण रॉय की भूमिका निभाई है। चित्रांगदा सिंह ने भी अहम रोल निभाया है। इसके अलावा अभिनेता सास्वत चटर्जी, परमब्रत चटर्जी, ऋत्विक भौमिक, आदिल जफर खान, पूजा चोपड़ा और मिमोह चक्रवर्ती भी सीरीज में अपने अभिनय का जलवा बिखेरते नजर आ रहे हैं। सबसे खास बात यह है कि एक साथ कई फिल्मी सितारे इसमें अपना असर छोड़ते दिख रहे हैं। अभिनेता राजेश तिवारी ने इसमें एक उद्योगपति की भूमिका निभाई है। अपने अभिनय का दमदार असर वह दर्शकों के ऊपर छोड़ने में कामयाब हुए हैं।

## जॉय फिल्मफेयर अवार्ड्स बांग्ला 2025: विजेताओं की सूची जारी!



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के जेडब्ल्यू मैरियट में 18 मार्च को आयोजित जॉय फिल्मफेयर अवार्ड्स बांग्ला 2025 में बंगाली सिनेमा की उत्कृष्टता का उत्सव मनाया गया। इस समारोह में बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया। बोहुरूपी ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता, जबकि चालचित्र एखोन और माणिकबाबूर मेघ को बेस्ट फिल्म (क्रिटिक्स) का अवार्ड मिला। अंजन दत्त और चंदन सेन ने बेस्ट एक्टर (क्रिटिक्स) का पुरस्कार साझा किया। ममता शंकर को बिजोयार पोरे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (आल-ोचक) का पुरस्कार मिला। बोहुरूपी ने कुल 7 पुरस्कार जीते, वहीं माणिकबाबूर मेघ ने 6 और पदातिक ने 5 पुरस्कार प्राप्त किए। विश्वजीत चटर्जी को बंगाली सिनेमा में उनके योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। फिल्मफेयर के संपादक जितेश पिल्लई ने विजेताओं और नामांकितों को बधाई दी।

## जितनी उम्र लिखी है, उतनी ही लिखी है: सलमान खान

**लॉ**रेंस बिश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकियां मिलने और कड़ी सुरक्षा के बारे में अपनी पहली टिप्पणी में सलमान खान ने कहा, ''जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है।'

खान ने बुधवार रात संवाददाताओं से कहा कि सुरक्षा प्रोटोकॉल ने उनकी दिनचर्या को प्रभावित किया है और उनकी गतिविधियां भी सीमित हो गई हैं।

अपने निजी जीवन और जान से मारने की धमकी मिलने के बाद कई चुनौतियों के बारे में खुलकर बात करते हुए खान ने कहा, ''भगवान, अल्लाह सब उन पर है। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। बस यही है।'

उन्होंने कहा, 'मैं इसके (सुरक्षा) बारे में कुछ नहीं कर सकता। खल्लास। इसलिए मैं गैलेक्सी (घर) से शूटिंग के लिए जाता हूं तथा कहीं और जाए बिना सीधा गैलेक्सी लौट आता हूं''

सलमान को पूर्व में सुरक्षा टीम की ओर से बिना किसी व्यवधान के शहर में साइकिल चलाते देखा जा सकता था।

साल 2018 में भी उनकी सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं जब जेल में बंद गैंगस्टर बिश्नोई ने 1998 के काले हिरण शिकार मामले में अभिनेता की संलिप्तता को लेकर जोधपुर में अदालत में पेशी के दौरान उन्हें खुलेआम जान से मारने की धमकी दी थी।

तभी से खान को काफी धमकियां मिल रही हैं। अप्रैल 2024 में, कथित तौर पर बिश्नोई गिरोह के दो लोगों ने उनके बांद्रा स्थित आवास के बाहर गोलीबारी की थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

इसके बाद, उनकी बालकनी में बुलेटप्रूफ शीशे और बाहर सड़क पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर सुरक्षा बढ़ा दी गई। दो महीने बाद, नवी मुंबई पुलिस ने दावा किया कि जब सलमान मुंबई के पास पनवेल में अपने फार्महाउस पर थे तब अभिनेता को मारने की साजिश का पता चला।

अक्टूबर 2024 में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद अभिनेता की सुरक्षा और कड़ी कर दी गई। सिद्दीकी सलमान के करीबी दोस्त माने जाते थे।




खान ने अपनी कड़ी सुरक्षा के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'आप लोग बहुत प्यारे हैं; इसलिए वे (सुरक्षाकर्मी) आपके साथ बहुत अच्छे से पेश आ रहे हैं। मैं नहीं चाहता कि वे उन लोगों के साथ भी अच्छे से पेश आएं जो इस लायक नहीं हैं।'

इस रविवार को अपनी फिल्म 'सिकंदर' के रिलीज होने से पहले खान ने संवाददाताओं से कहा, 'जब मैं मीडिया के साथ होता हूं तो मुझे फ्रिक नहीं होती, बिना मीडिया ज्यादा रोक-टोक होती है। यह (सुरक्षा) मेरी दिनचर्या को सीमित कर रही है।'

# नकदी मामला: पुलिस कर्मियों के आठ फोन की फॉरेंसिक जांच की जा रही



**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवासीय परिसर से कथित तौर पर नकदी मिलने के मामले की जांच के तहत दिल्ली पुलिस के आठ कर्मियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए हैं और उन्हें फॉरेंसिक विभाग को भेज दिया गया है। यह जानकारी पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को दी। सूत्रों ने बताया कि इस प्रक्रिया के तहत तुगलक रोड थाना प्रभारी, जांच अधिकारी हवलदार रूपचंद, उप निरीक्षक रजनीश, मोबाइल बाइक गश्त पर मौके पर पहुंचे दो पुलिसकर्मियों और तीन पीसीआर कर्मियों के मोबाइल की जांच की जा रही है। एक सूत्र ने बताया कि अधिकारी अब यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि जब अधिकारी आग लगने के दौरान घटनास्थल पर पहुंचे थे, तो क्या इन मोबाइल फोन से कोई वीडियो रिकॉर्ड किया गया था। सूत्र ने बताया कि अगर कोई वीडियो बनाया गया था, तो जांचकर्ता इसकी जांच करेंगे कि क्या उसमें किसी तरह की छेड़छाड़ की गई है। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने इन सभी अधिकारियों के बयान भी दर्ज किए हैं। बुधवार को पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महला के नेतृत्व में एक दल ने न्यायाधीश के आवास का दौरा किया और कर्मचारियों एवं सुरक्षाकर्मियों से पूछताछ की।

### सीजेआई ने बार नेताओं को न्यायमूर्ति वर्मा के तबादले के खिलाफ मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया

भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बार के नेताओं को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के स्थानांतरण की कॉलेजियम की सिफारिश को वापस लेने की उनकी मांग पर विचार करने का बृहस्पतिवार को आश्वासन दिया। यह जानकारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने दी। विभिन्न उच्च न्यायालयों के छह बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने दोपहर में प्रधान न्यायाधीश और कॉलेजियम के अन्य सदस्यों- न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, से मुलाकात की।

## 'डमी स्कूल' में नामांकित विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी : सीबीएसई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 'डमी स्कूलों' में प्रवेश लेने वाले छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा है कि जो छात्र नियमित कक्षाओं में शामिल नहीं होंगे, उन्हें 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि 'डमी स्कूलों' में प्रवेश के दुष्परिणामों की जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थियों और अभिभावकों की होगी।सीबीएसई 'डमी स्कूलों' के खिलाफ जारी कार्रवाई के तहत परीक्षा उपनियमों में बदलाव करने पर विचार कर रही है, ताकि ऐसे छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं में बैठने से रोका जा सके। इन्हें राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की परीक्षा देनी होगी। बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''यदि कोई परीक्षार्थी स्कूल से गायब पाया जाता है या बोर्ड द्वारा किए गए औचक निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाया जाता है, तो ऐसे परीक्षार्थियों को बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नियमित तौर पर कक्षाओं में शामिल नहीं होने के दुष्परिणामों के लिए संबंधित छात्र और उसके अभिभावक जिम्मेदार होंगे।'' अधिकारी ने कहा कि 'डमी' संस्कृति को बढ़ावा देने वाले या गैर-हाजिर छात्रों को प्रायोजित करने वाले विद्यालयों के खिलाफ बोर्ड की संबद्धता और परीक्षा उपनियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यह मुद्दा बोर्ड की हाल ही में हुई शासकीय बोर्ड बैठक में भी उठाया गया था, जहां यह सिफारिश की गई थी कि इस निर्णय को शैक्षणिक सत्र 2025-2026 से लागू किया जाए। अधिकारी ने बताया, ''परीक्षा समिति में इस मामले पर विस्तार से चर्चा की गई और यह निष्कर्ष निकला कि बोर्ड के नियमों के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने के लिए छात्रों की न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।'' उन्होंने कहा कि यदि अपेक्षित उपस्थिति पूरी नहीं होती है, तो केवल गैर-उपस्थिति वाले स्कूल में नामांकन लेने से ऐसे छात्र सीबीएसई परीक्षा में बैठने के हकदार नहीं हो सकते।

### हुर्रियत के दो और समूहों ने अलगाववाद त्यागा, मोदी के नये भारत में विश्वास जताया: अमित शाह

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो और घटकों ने अलगाववाद त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्मित 'नये भारत' में अपना विश्वास जताया है। अलगाववादी समूह हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के दो घटकों- जम्मू कश्मीर पीपुल्स मूवमेंट (जेकेपीएम) और जम्मू कश्मीर डेमोक्रेटिक पॉलिटिकल मूवमेंट (जेकेडीपीएम)- ने मंगलवार को अलगाववाद त्यागने की घोषणा की थी। शाह ने कहा कि मोदी सरकार के शासन में अलगाववाद अंतिम सांस ले रहा है और एकता की जीत पूरे कश्मीर में गूंज रही है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''कश्मीर घाटी से एक और बड़ी खुशखबरी। हुर्रियत से जुड़े दो और समूहों, जम्मू कश्मीर तहरीकी इस्तेकलाल और जम्मू कश्मीर तहरीक-ए-इस्तिकामत ने अलगाव-वाद त्याग दिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा निर्मित नये भारत में अपना विश्वास जताया है।''

## दिशा सालियान के पिता ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी से मुलाकात की

**मुंबई :** दिवंगत अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान के पिता ने बृहस्पतिवार को मुंबई पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी से मुलाकात की और 2020 में सालियान की मौत के संबंध में शिव-सेना (उबाठा) के नेता आदित्य ठाकरे तथा अन्य के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए दी गई उनकी लिखित शिकायत पर कार्रवाई की मांग की।दिशा की हत्या का दावा करने और अपराध को छिपाने का आरोप लगाने वाले सतीश सालियान ने अपने अधिवक्ताओं के साथ दक्षिण मुंबई स्थित पुलिस आयुक्त कार्यालय में अपराह्न करीब तीन बजे संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सतीश सालियान और उनके अधिवक्ताओं ने मंगलवार को पुलिस अधिकारी को सौंपी गई शिकायत में नामित व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के मुद्दे पर चर्चा की। बाद में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा, ''मैं आज ही 'नार्को' परीक्षण करवाने के लिए तैयार हूं। हालांकि, मेरे साथ-साथ मेरे आवेदन में जिन लोगों के नाम हैं, उन पर भी 'नार्को' परीक्षण करवाया जाना चाहिए, जिसमें आदित्य ठाकरे भी शामिल हैं।'' बुधवार को एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से बात करते हुए शिवसेना (उबाठा) के लोकसभा सांसद अरविंद सावंत ने सतीश सालियान का 'नार्को' परीक्षण किए जाने की मांग की थी। बैठक का उद्देश्य पूछे जाने पर सतीश सालियान के अधिवक्ताओं ने मीडिया को बताया कि महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि उनकी शिकायत पर संज्ञान लेने की प्रक्रिया जारी है, लेकिन अभी तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व प्रबंधक दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने जून 2020 में रहस्यमयी परिस्थितियों में हुई अपनी बेटी की मौत की नये सिरे से जांच कराने के लिए बंबई उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### प्रधानमंत्री मोदी ने बेल्जियम के राजा फिलिप से बात की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को बेल्जियम के राजा फिलिप से बात की और इस दौरान मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने और दोनों देशों के बीच नवाचार एवं स्थिरता में सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बेल्जियम के महामहिम राजा फिलिप से बात करके प्रसन्नता हुई। हाल ही में महामहिम राजकुमारी एस्ट्रिड के नेतृत्व में भारत आए बेल्जियम आर्थिक प्रतिनिधिमंडल की सराहना की।'' उन्होंने कहा, ''हमने अपने मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने और नवाचार स्थिरता में सहयोग को आगे बढ़ाने पर चर्चा की।''

### पिछले पांच वर्षों में 669 एशियाई शेरों की मौत हुई : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि पिछले पांच वर्षों में कुल 669 एशियाई शेरों की मौत हुई है लेकिन इनमें से किसी की भी जान शिकार किये जाने के कारण नहीं गई। गुजरात में गिर वन एशियाई शेरों का एकमात्र प्राकृतिक आवास है। पर्यावरण राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 2020 में 142 एशियाई शेरों की मौत हुई जबकि 2021 में 124, 2022 में 117, 2023 में 121 और 2024 में 165 शेरों की मौत हुई। सिंह ने कहा, ''राज्य सरकार (गुजरात) की रिपोर्ट के अनुसार, शेरों की मौत के कारणों में अधिक उम्र, बीमारी, लड़ाई में चोट लगना, शावकों की मृत्यु, खुले कुओं में गिरना, करंट लगना, दुर्घटनाएं आदि शामिल हैं।''

### शिवसेना ने औरंगजेब के मकबरे को मिला 'संरक्षित स्मारक' का दर्जा खत्म करने की मांग की

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मंत्री शंभूराज देसाई ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी पार्टी शिवसेना ने केंद्र सरकार से छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्दाबाद में स्थित औरंगजेब के मकबरे को मिला 'संरक्षित स्मारक' का दर्जा खत्म करने का अनुरोध किया है। देसाई ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''हमारी पार्टी के सांसद राहुल शेवाले ने आज केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात की और उन्हें सौंपे एक ज्ञापन में यह मांग की।'' देसाई ने कहा, ''संरक्षित स्मारक का दर्जा खत्म करने की मंजूरी मिलने के बाद राज्य सरकार कानून के अनुसार कार्रवाई करेगी।''

### चेन्नई के पास खाली माल डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं: दक्षिण रेलवे

**चेन्नई :** दक्षिण रेलवे ने बताया कि बृहस्पतिवार को एनएमजी रेक के तीन खाली माल डिब्बे पटरी से उतर गए। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। दक्षिण रेलवे ने कहा, आज, शाम छह बजकर 52 मिनट पर, एनएमजी (न्यू मॉडिफाइड गुड्स) रेक के तीन खाली माल डिब्बे (8वां, 9वां और 10वां डिब्बा) तांबरम यार्ड में स्थानांतरित किए जाने के दौरान पटरी से उतर गए।

## मैं उनमें से नहीं जो चुनावी हार से निराश हो जाऊं:शरद पवार



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा -एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह चुनावी हार से निराश होने वाले व्यक्ति नहीं हैं और उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से भविष्य के चुनावों के लिए तैयार रहने का आग्रह किया। यहां राकांपा-एसपी की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक को संबोधित करते हुए, पवार ने संगठन को मजबूत करने और उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया जहां वह बिहार और केरल जैसे चुनावी राज्यों में बदलाव ला सकता है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था, विशेषकर कृषि क्षेत्र की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। पवार ने पार्टी नेताओं से लोगों के बीच नए जोश से काम करने और संगठन को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने को कहा। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के बाद यह राकांपा-एसपी की पहली विस्तारित कार्यसमिति बैठक थी।

## संसद ने वित्त विधेयक 2025 को मंजूरी दी, बजट प्रक्रिया पूरी हुई

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा ने बृहस्पतिवार को वित्त विधेयक 2025 को चर्चा के बाद लोकसभा को लौटा दिया और इसके साथ ही वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एक फरवरी से शुरू हुई बजट प्रक्रिया पूरी हो गई। उच्च सदन ने विनियोग विधेयक (3) को भी ध्वनिमत से लोकसभा को लौटा दिया। संसद के निचले सदन लोकसभा ने 25 मार्च को वित्त विधेयक और 21 मार्च को विनियोग विधेयक पारित किया था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विधेयकों पर हुयी चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि वित्त मंत्रालय की प्रवृत्ति सावधानी बरतने और राजस्व को नुकसान नहीं होने देने की होती है। सीतारमण ने कहा, ''...लेकिन, हम इस अवसर का उपयोग भारतीय करदाताओं के प्रति अपना सम्मान जताने के लिए करना चाहते हैं। हमने (आयकर के लिए) 12 लाख रुपये की सीमा तय करने की दिशा में कदम बढ़ाया है, उस सीमा तक किसी को कोई कर नहीं देना होगा।'' केंद्रीय बजट 2025-26 में कुल 50.65 लाख करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान किया गया है, जो चालू वित्त वर्ष की तुलना में 7.4 प्रतिशत अधिक है। अगले वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित कुल पूंजीगत व्यय 11.22 लाख करोड़ रुपये और प्रभावी पूंजीगत व्यय 15.48 लाख करोड़ रुपये है। इसमें 42.70 लाख करोड़ रुपये का सकल कर राजस्व संग्रह और 14.01 लाख करोड़ रुपये की सकल उधारी का प्रस्ताव है। बजट दस्तावेजों के अनुसार, एक अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले वित्त वर्ष के लिए केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के वास्ते5,41,850.21 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं।

## कांग्रेस ने उस ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ाई लड़ी जिसकी तुलना में भाजपा-आरएसएस मजाक हैं: राहुल




**नयी दिल्ली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को पार्टी के जिला इकाई प्रमुखों की बैठक में कहा कि वर्तमान समय में एक कठिन वैचारिक लड़ाई चल रही है, लेकिन उन्हें यह पता होना चाहिए कि कांग्रेस ने उस ब्रिटिश साम्राज्य से लड़ाई लड़ी थी, जिसकी तुलना में भाजपा और आरएसएस एक मजाक हैं। उन्होंने जिला कांग्रेस अध्यक्षों की तीन निर्धारित बैठकों में से पहली बैठक में इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस की बुनियाद को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है।अगली दो बैठकों का आयोजन तीन और चार अप्रैल को होगा।बैठक में उन्होंने कहा, भारत के दो दृष्टिकोण हैं, भारत की दो अवधारणाएं हैं। एक तरफ आरएसएस की अवधारणा है - तानाशाही, पदानुक्रम, पिछड़ी जाति का दमन, कमजोर वर्गों का दमन, महिलाओं का दमन, महिलाओं का अपमान और दूसरी तरफ कांग्रेस की विचारधारा है, जिसने हमें आजादी दी, जो सभी के साथ समान व्यवहार करती है। बैठक के बाद अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा, उनके बिना, पार्टी आगे नहीं बढ़ सकती, सफल नहीं हो सकती। हमारी लड़ाई सिर्फ आरएसएस-भाजपा के खिलाफ नहीं है, यह एक ऐसे भारत के लिए है जहां हर नागरिक, हर समुदाय को सपने देखने और हासिल करने का अधिकार है। साथ मिलकर, हम एक मजबूत कांग्रेस और एक निष्पक्ष भारत का निर्माण करेंगे। अपने व्हाट्सएप चैनल पर साझा किए गए बैठक के एक वीडियो में, गांधी को यह कहते हुए सुना जाता है कि कांग्रेस एक वैचारिक लड़ाई लड़ रही है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा सभी जातियों, सभी धर्मों के साथ समान व्यवहार करती है और भारत को एक निष्पक्ष और सामंजस्यपूर्ण स्थान बनाने की आकांक्षा रखती है।

## मुंबई पुलिस ने कामरा को 31 मार्च को पेश होने को कहा

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने बृहस्पतिवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में उसके समक्ष 31 मार्च को पेश होने को कहा। यह मामला हाल में खार के हैबिटेट कॉमेडी क्लब में कामरा के शो से जुड़ा है, जहां उन्होंने एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए एक पैरोडी गाना गाया था।इस घटना के बाद शिवसेना समर्थकों ने जमकर हंगामा किया था और रविवार रात क्लब और होटल में तोड़फोड़ की थी। शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर खार पुलिस ने कामरा (36) के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारी ने बताया कि कामरा को मंगलवार को पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए कहा गया था लेकिन उन्होंने सात दिन का समय मांगा था। अधिकारी ने बताया, ''उन्हें जारी दूसरे समन में कुणाल कामरा को 31 मार्च को पुलिस के समक्ष पेश होने को कहा गया है।''

### मुख्यधारा की मीडिया गिद्ध, सत्तारूढ़ दल का हथियार : कुणाल कामरा

**मुंबई :** विवादों से घिरे स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने बृहस्पतिवार को मुख्यधारा की मीडिया को गिद्ध करार देते हुए दावा किया कि यह सत्तारूढ़ पार्टी की ''भ्रामक प्रचार करने की इकाई'' है। कामरा ने अपने स्टैंड-अप कॉमेडी शो 'नया भारत' में महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर निशाना साधते हुए टिप्पणी की थी, जिसे लेकर विवाद पैदा हो गया है। उन्होंने मुख्यधारा की मीडिया पर अपना गुस्सा निकालने के लिए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' का सहारा लिया। कामरा (36) ने दावा किया, ''जो लोग उद्धरण के लिए परेशान हैं, उनके लिए मैं बता दूं कि इस समय मुख्यधारा की मीडिया सत्तारूढ़ पार्टी की गलत सूचना फैलाने वाली शाखा के अलावा और कुछ नहीं है।''

## नवरात्रि से पूर्व 'अवैध' मांस विक्रेताओं के खिलाफ चलेगा अभियान: प्रवेश वर्मा



**नयी दिल्ली :** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश वर्मा ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि नवरात्रि से पहले 'अवैध' मीट विक्रेताओं के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा। दिल्ली विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक करनैल सिंह ने नवरात्रि से पहले फुटपाथों और दुकानों पर खुलेआम मीट बेचे जाने को लेकर चिंता व्यक्त की। वर्मा ने जवाब देते हुए कहा, सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। अगर कहीं कोई कोई अवैध रूप से बैठा है तो उसे हटाया जाना चाहिए। उन्होंने विधायकों से अपने-अपने क्षेत्र में किसी भी तरह के अतिक्रमण की जानकारी देने को कहा और आश्वस्त किया कि इस मुद्दे के समाधान के लिए अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा, मैं अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करूंगा। वर्मा ने सदन को बताया कि राजधानी में मांस और मछली बेचने वाली अवैध इकाइयों को हटाने के आदेश पहले ही दिये जा चुके हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में भाजपा विधायक रविन्द्र सिंह नेगी ने नवरात्रि के दौरान मांस की दुकानें बंद करने का आह्वान किया था, जिससे विवाद पैदा हो गया था।

## जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्य के बीच आगे बढ़ रहे हैं भारत, रूस : जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आज के तेजी से बदलते दौर में भारत और रूस एक जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्य से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बहुध्रुवीय व्यवस्था के युग में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग की आवश्यकता है। 'रूस और भारत: एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर' सम्मेलन को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच खास और विशेष रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ बनाना विदेश नीति की एक साझा प्राथमिकता बनी हुई है। सम्मेलन का आयोजन रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी) और मॉस्को में स्थित भारतीय दूतावास ने किया है। जयशंकर ने कहा कि भारत, रूस के साथ अपने संबंधों को बेहद महत्व देता है और दोनों देश इस गहरी मित्रता को प्रगाढ़ करने और सहयोग के नये आयाम तलाशने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### भारत ने 2022-2025 के दौरान 6 साझेदार देशों को 3.73 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण की पेशकश की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कहा कि भारत ने जनवरी 2022-जनवरी 2025 के बीच छह साझेदार देशों को, ऋण प्रदान करने वाले एक बैंक के माध्यम से ऋण पत्र और रियायती वित्तपोषण योजना के तहत 3.73 अरब अमेरिकी डॉलर के नये कर्ज की पेशकश की। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय से जनवरी 2022 से जनवरी 2025 के बीच भारत द्वारा अन्य देशों को दी गई सहायता, विकास सहायता और ऋण के विवरण से जुड़ी जानकारी मांगी गई थी।

## ईडी ने कांग्रेस के पूर्व विधायक छोकर और उनके बेटों की 44 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क की

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने गुरुग्राम में 1,500 घर खरीदारों के साथ ''धोखाधड़ी'' से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत कांग्रेस के हरियाणा से पूर्व विधायक धर्म सिंह छोकर और उनके व्यवसायी बेटों की 44 करोड़ रुपये मूल्य की नयी संपत्ति कुर्क की है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बुधवार को जारी एक अनंतिम आदेश के तहत दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और पानीपत में लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि, 2,487 वर्ग मीटर वाणिज्यिक भूखंड और आठ आवासीय फ्लैट को कुर्क किया गया। इसमें कहा गया है कि इसी आदेश के तहत 96 लाख रुपए की सावधि और बैंक जमा राशि भी जब्त की गई है।इसमें कहा गया है कि कुल 44.55 करोड़ रुपये की ये संपत्तियां छोकर, उसके बेटों विकास छोकर (जो फरार है) और सिकंदर छोकर (जो जमानत पर बाहर है) और उनकी कंपनी साईं आइना फार्म्स प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित हैं। पिछले वर्ष इस मामले में एजेंसी ने 36 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियां कुर्क की थी। धर्म सिंह छोकर पानीपत जिले की समालखा विधानसभा सीट से पूर्व विधायक हैं।

### हम 'वसुधैव कुटुम्बकम' में विश्वास करते हैं, लेकिन निकट संबंधियों के साथ एकजुट नहीं रह पाते: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने परिवार संस्था के ''क्षरण'' को लेकर चिंता जताते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में लोग ''वसुधैव कुटुम्बकम'' के सिद्धांत में विश्वास करते तो हैं, लेकिन करीबी रिश्तेदारों के साथ भी एकजुट रहने में असफल रहते हैं। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की पीठ ने कहा कि परिवार की अवधारणा समाप्त हो रही है और एक व्यक्ति-एक परिवार की व्यवस्था बन रही है। पीठ ने कहा, ''भारत में हम 'वसुधैव कुटुम्बकम' में विश्वास करते हैं, अर्थात पूरी पृथ्वी एक परिवार है। हालांकि, आज हम अपने परिवार में भी एकता बनाए रखने में सक्षम नहीं हैं, विश्व के लिए एक परिवार बनाने की बात तो दूर की बात है। 'परिवार' की मूल अवधारणा ही समाप्त होती जा रही है और हम एक व्यक्ति एक परिवार के कगार पर खड़े हैं।''उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी एक महिला द्वारा दायर याचिका पर की, जिसमें उसने अपने बड़े बेटे को घर से बेदखल करने का अनुरोध किया था।रिकॉर्ड में यह बात लाई गई कि कल्लू मल और उनकी पत्नी समतोला देवी के तीन बेटे और दे बेटियों सहित पांच बच्चे थे। कल्लू मल का बाद में निधन हो गया था। माता-पिता के अपने बेटों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध नहीं थे और अगस्त 2014 में कल्लू मल ने स्थानीय एसडीएम को शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने अपने बड़े बेटे पर मानसिक और शारीरिक यातना देने का आरोप लगाया।

## कांग्रेस को बजट में ऐसा कुछ नहीं मिला जिसकी वह आलोचना कर सके : वित्त मंत्री सीतारमण



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को राज्यसभा में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इस पार्टी को बजट में ऐसा कुछ नहीं मिला, जिसकी वह आलोचना कर सके। राज्यसभा में वित्त विधेयक पर हुयी चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार राष्ट्र की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है ताकि आम लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की आल-ोचना करने वाले कुछ विपक्षी दल अपने शासन वाले राज्यों में लोगों के लिए पर्याप्त काम नहीं कर रहे हैं।उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सदस्यों की टिप्पणियों का जवाब देते हुए कहा, ''जो लोग 'अच्छे दिन' के बारे में सवाल कर रहे हैं, वे खुद ऐसी पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने 'मां...माटी...मानुष' का नारा दिया, लेकिन लोगों के लिए कुछ नहीं किया।''सीतारमण ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 'कट मनी' समूह अच्छी योजनाओं और कामों को लोगों तक नहीं पहुंचने देते हैं।उन्होंने कहा, ''हमारे लिए 'अच्छे दिन' का मतलब राष्ट्र की अथक सेवा है ताकि आम लोग लाभान्वित हो...हम 'अच्छे दिन' के लिए समर्पित हैं। और, पक्षपातपूर्ण राजनीतिक दृष्टिकोण से सवाल करने के बजाय, आम लोगों से पूछें, जिन्हें हमारी योजनाओं से सीधे लाभ हुआ है।'' वित्त मंत्री ने कहा, '' सिर्फ उन लोगों के लिए 'अच्छे दिन' अभी तक नहीं आए हैं जिनके लिए शासन का मतलब भ्रष्टाचार है।'' सीतारमण ने कांग्रेस नेता पी चिदंबरम की इस टिप्पणी को लेकर निशाना साधा कि 'बजट को कोई याद नहीं रखता।' उन्होंने कहा कि सबसे पुरानी पार्टी वित्त वर्ष 2025-26 के बजट की आलोचना करने के लिए कुछ भी ठोस बात नहीं ढूंढ पाई है।

### मुंबई: 50 करोड़ रुपये की 'मेफेड्रोन' के साथ दो लोग गिरफ्तार, रायगढ़ में प्रयोगशाला का भंडाफोड़

**मुंबई :** मुंबई में स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक घर से 50 करोड़ रुपये मूल्य का प्रतिबंधित पदार्थ जब्त करने के बाद महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में मेफेड्रोन निर्माण की गुप्त प्रयो-गशाला का भंडाफोड़ किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि इस पदार्थ के निर्माता सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार किए गए दो लोगों में से मादक पदार्थ के एक आपूर्तिकर्ता के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) द्वारा पहले भी दो मामले दर्ज किए गए थे।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वह जमानत पर जेल से बाहर था और वह 'मेफेड्रोन' विनिर्माण गिरोह में शामिल था।

### लोकसभा अध्यक्ष ने राहुल के बाद अब पप्पू यादव को सदन की मर्यादा की याद दिलाई

**नयी दिल्ली :** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को सदन की मर्यादा की याद दिलाने के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को किसी केंद्रीय मंत्री के कंधे पर हाथ रखकर बात नहीं करने की नसीहत दी। यादव, सदन में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू के बगल में बैठे थे। उन्हें मंत्री के साथ बातचीत करते देखा गया और इस दौरान उन्होंने नायडू के कंधे पर हाथ रख दिया था। बिरला ने बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद को मंत्री के कंधे पर हाथ रखने के प्रति आगाह किया। सूत्रों ने बताया कि यादव अपने संसदीय क्षेत्र के लिए एक हवाई अड्डे के बारे में बातचीत कर रहे थे। लोकसभा अध्यक्ष ने बुधवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से कहा था कि वह नियमों और सदन की मर्यादा के अनुरूप आचरण करें।

## न्यूज इन ब्रीफ

### हीरो इंडियन ओपनः संधू संयुक्त चौथे स्थान पर सर्वश्रेष्ठ भारतीय

**गुरुग्राम :** भारत के सात गोल्फरों ने बृहस्पतिवार को यहां हीरो इंडियन ओपन के शुरूआती दिन शीर्ष 30 में जगह बनाई जबकि अजीतेश संधू संयुक्त चौथे नंबर से सर्वश्रेष्ठ स्थान पर रहे। संधू (69) और पिछले साल संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे वीर अहलावत (70)क्रमशः संयुक्त चौथे और संयुक्त 10वें स्थान पर थे। दो बार के विजेता एसएसपी चौरसिया, गगनजीत भुल्लर, शिव कपूर, ओम प्रकाश चौहान और रेहान थॉमस ने 72-72 का कार्ड खेला। इंग्लैंड के मार्कस आर्मिटेज शीर्ष पर बने हुए हैं जो चार साल के खिताब के सूखे को समाप्त करने की कोशिश में जुटे हैं।

### मुक्केबाजों का अब कोई टूर्नामेंट नहीं छूटेगा, राष्ट्रीय शिविर जल्द शुरू होंगे: बीएफआई अध्यक्ष

**ग्रेटर नोएडा :** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि मुक्केबाजों का अब कोई टूर्नामेंट नहीं छूटेगा क्योंकि राष्ट्रीय शिविर जल्द ही फिर से शुरू होंगे और नए कोचिंग सेटअप की भी घोषणा की जाएगी। पेरिस ओलंपिक के बाद भारतीय मुक्केबाजी अजीब स्थिति से गुजर रही थी जिसमें मुक्केबाज एशियाई चैंपियनशिप, स्ट्रैंडजा मेमोरियल और हाल में हुई महिला विश्व चैंपियनशिप सहित कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा नहीं ले पाए थे। पुरुष टीम रविवार से शुरू होने वाले विश्व मुक्केबाजी कप के पहले चरण के लिए ब्राजील में है जबकि महिला मुक्केबाजी राष्ट्रीय चैंपियनशिप बार-बार देरी के बाद बृहस्पतिवार को ही समाप्त हुई। सिंह ने यहां महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के अंतिम दिन पत्रकारों से कहा, 'भारतीय मुक्केबाज किसी भी प्रतियोगिता में भाग लेने से चूकेंगे नहीं। राष्ट्रीय शिविर बहुत जल्द शुरू हो जाएंगे। महिला मुक्केबाज भी अब कोई भी चैंपियनशिप से चूकेंगी नहीं।'

# लखनऊ ने हैदराबाद को पांच विकेट से हराया

## शार्दुल के बाद निकोलस पूरन-मिचेल मार्श चमके



**हैदराबाद :** शार्दुल ठाकुर की घातक गेंदबाजी के बाद निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की धमाकेदार पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने पांच विकेट से सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को हरा दिया। यह लखनऊ की मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है। इससे पहले उन्हें दिल्ली ने एक विकेट से करारी शिकस्त दी थी। गुरुवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 16.1 ओवर में पांच विकेट गंवाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। 23 गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीतकर लखनऊ ने अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, इस मैच से पहले शीर्ष पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर खिसक गई। उनका नेट रनरेट -0.128 हो गया। वहीं, अपने पहले मैच में कोलकाता को सात विकेट से मात देने वाली आरसीबी दो अंक और +2.137 के नेट रनरेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई। 191 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। उन्हें पहला झटका मोहम्मद शमी ने एडेन मार्करम के रूप में दिया। वह सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 116 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान पूरन ने 18 गेंदों में अपने करियर का 10वां पचासा जड़ा। उन्होंने 26 गेंदों में 70 रनों दमदार पारी खेली। यह मौजूदा सत्र में उनके बल्ले से निकला दूसरा अर्धशतक है। उनके अलावा मिचेल मार्श ने 52 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके और दो छक्के निकले। हैदराबाद के खिलाफ कप्तान ऋषभ पंत ने 15 और आयुष बडोनी ने छह रन बनाए। वहीं, डेविड मिलर और अब्दुल समद क्रमशः 13 और 22 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने दो विकेट झटके जबकि मोहम्मद शमी, एडम जैम्पा और हर्षल पटेल को एक-एक सफलता मिली।

## चेन्नई में जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने उतरेगा आरसीबी




**चेन्नई :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जब चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगा तो टीम की नजरें यहां जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए अपने अनुभवी बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। आरसीबी ने चेपक में सुपरकिंग्स को सिर्फ एक बार हराया है और वह भी 2008 में टूर्नामेंट के पहले सत्र में। आरसीबी की मौजूदा टीम में सिर्फ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ही उस मैच का हिस्सा थे और अब वह दूसरी बार सुपरकिंग्स के किले को भेदना चाहेंगे। हालांकि आरसीबी की राह आसान नहीं होगी। हमेशा की तरह चेन्नई की टीम स्पिनरों की मददगार पिच पर अपने घरेलू मैचों में विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देने को तैयार होगी। टीम के पास अनुभवी रविंद्र जडेजा हैं जो लंबे समय से टीम का हिस्सा हैं जबकि पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी के जरिए उन्होंने अपने 'पुराने खिलाड़ी' रविचंद्रन अश्विन को टीम के साथ जोड़ा है। चेन्नई की टीम ने अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में शामिल किया है और इस तिकड़ी ने कुछ दिन पहले पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। मुंबई के खिलाफ तीनों ने मिलकर 11 ओवर फेंके और 70 रन देकर पांच विकेट लिए। इस मैच में भी चेन्नई की पारंपरिक पिच देखने को मिलेगी और कोहली की अगुआई में आरसीबी के बल्लेबाजों को अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण को मात देने के लिए अपने खेल को बेहतर करना होगा। आरसीबी के बल्लेबाजी क्रम को सुपरकिंग्स के तीन आयामी स्पिन आक्रमण के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक होने की जगह अधिक चतुर होना होगा और कोहली को उनका नेतृत्व करना होगा। स्पिन का सामना करना हमेशा से कोहली की बल्लेबाजी का मजबूत पक्ष नहीं रहा है लेकिन पिछले दो वर्षों में उन्होंने इस विभाग में काफी सुधार दिखाया है। इस बदलाव का मुख्य कारण स्पिनरों के खिलाफ अधिक स्वीप और स्लॉग स्वीप खेलने की उनकी इच्छा है और कोहली को शुक्रवार शाम को होने वाले मैच में अपनी सारी विशेषज्ञता दिखानी होगी। कोहली को साथ ही फिल सॉल्ट, कप्तान रजत पाटीदार, लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों से समर्थन की जरूर होगी। चेपक की पिच को देखते हुए आरसीबी संभवतः टिम डेविड की जगह जैकब बेथेल को एकादश में शामिल कर सकता है जो बाएं हाथ से स्पिन गेंदबाजी का विकल्प भी देते हैं। टीम की नजरें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की फिटनेस पर भी होगी जो कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहले मैच में चोट के कारण नहीं खेल पाए थे और अगर यह अनुभवी तेज गेंदबाज फिट होता है तो उन्हें रसिख सलाम की जगह एकादश में शामिल किया जाएगा। दूसरी ओर सुपरकिंग्स को अपने मध्यक्रम के फिर से लय में आने की उम्मीद होगी क्योंकि शिवम दुबे, दीपक हुड्डा और सैम कुरेन पिछले मैच में मुंबई इंडियन्स के खिलाफ प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे। उन्हें रचिन रविंद्र और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ का अधिक सहयोग करना होगा और साथ ही महेंद्र सिंह धोनी से एक और प्रभावी पारी की उम्मीद होगी।चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम शीर्ष तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की फिटनेस पर भी नजर रखेगी जो मुंबई के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे। अगर श्रीलंकाई खिलाड़ी समय पर फिटनेस हासिल कर लेता है तो नाथन एलिस की जगह उन्हें मौका मिल सकता है।

## अर्जेन्टीना को मेस्सी के 2026 विश्व कप तक खेलने की उम्मीद



**ब्यूनस आयर्सः** अर्जेंटीना यह साबित कर रहा है कि अगर स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी किसी भी कारण से 2026 विश्व कप में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो भी वह जीत सकता है। अर्जेंटीना ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है और अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 37 वर्षीय मेस्सी अपने छठे टूर्नामेंट में खेलेंगे और लगातार दो विश्व कप जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा, 'हम देखेंगे कि क्या होता है, अभी बहुत समय है।' उन्होंने कहा, 'हमें एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो हम पूरे साल एक ही बात के बारे में बोलते रहेंगे। हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए, हम देखेंगे। वह जब चाहे तब फैसला करेगा।' मंगलवार को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के कुछ घंटों बाद अर्जेंटीना ने ब्राजील को विश्व कप क्वालीफाइंग में अब तक की सबसे बुरी 1-4 से शिकस्त दी। अर्जेंटीना ने कुछ दिन पहले उरुग्वे को 1-0 से हराया था।

## करियर के इस पड़ाव पर भी लगातार सुधार की कोशिश कर रहे हैं कोहली : कार्तिक



**चेन्नई :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाजी कोच दिनेश कार्तिक ने बृहस्पतिवार को कहा कि विराट कोहली की अनुकरणीय कार्यशैली उनके साथियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई है और यह भारतीय सुपरस्टार खुद में लगातार सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले आईपीएल चरण के बाद संन्यास लेने वाले आरसीबी के पूर्व खिलाड़ी कार्तिक ने कहा कि कोहली में पहले की तरह ही भूख है। पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने आरसीबी बनाम चेन्नई सुपर किंग्स मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा, 'अभी जब मैं मैदान पर आया तो आज भी वह एक और शॉट पर काम करना चाहते हैं। इस समय एक और शॉट पर काम करना आपको बताता है कि उनके अंदर अभी कितनी भूख है।' उन्होंने कहा, 'वह सिर्फ सुधार करना चाहते हैं और अपने खेल का मानक बढ़ाना चाहते हैं। इसलिए वह एक खास खिलाड़ी हैं। और इस समय जैसा कि मैं देखता हूं, वह आईपीएल में पहले की तरह ही आत्मविश्वास से और अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं।' कार्तिक ने स्पिन के खिलाफ उनके हालिया संघर्ष पर कहा, 'उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी में कुछ बेहतरीन रन बनाये। उन्होंने हाल के दिनों में स्पिन के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की है, खासकर सफेद गेंद वाले क्रिकेट में। इसलिए मैं आंकड़ों में बहुत गहराई में नहीं जाना चाहता।'

## रीतिका पहले सीनियर एशियाई चैंपियनशिप स्वर्ण की राह पर, तीन अन्य कांस्य पदक की दौड़ में



**अम्माम (जोर्डन) :** ओलंपियन रीतिका हुड्डा ने एशियाई चैंपियनशिप के महिला 76 किग्रा वर्ग में दबदबा बनाते हुए बिना कोई अंक गंवाए बृहस्पतिवार को यहां फाइनल में जगह बनाई जबकि उनकी तीन अन्य हमवतन भारतीय पहलवान भी कांस्य पदक की दौड़ में हैं। अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाली भारत की पहली महिला पहलवान और ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली सबसे युवा भारतीय पहलवान 22 साल की रीतिका ने फाइनल में जगह बनाने के दौरान जापान की नोडोक यामामोतो और कोरिया की सियोयिओन जियोंग को हराया। रीतिका ने पहले जियोंग को तकनीकी दक्षता से हराया। भारतीय पहलवान ने टेक-डाउन मूव से अंक जुटाए और फिर विरोधी खिलाड़ी के पैर को पकड़कर दो और अंक जुटाए। रीतिका ने इसके बाद कोरियाई खिलाड़ी के पैर पकड़कर अंक जुटाए और मुकाबला अपने नाम किया। अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता यामामोतो के खिलाफ रीतिका ने जियोंग के खिलाफ अपनाई रणनीति को दोहराया और दूसरे पीरियड में 6-0 के स्कोर पर विरोधी खिलाड़ी को चित्त करके जीत दर्ज की। रीतिका ने अस्ताना में 2023 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। नीशू को 55 किग्रा वर्ग में युशुआन ली के खिलाफ क्वालीफिकेशन मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा लेकिन चीन की खिलाड़ी के फाइनल में जगह बनाने पर उन्हें रेपेचेज के जरिए चुनौती पेश करने का मौका मिला। नीशू ने वियतनाम की माइ ट्रेंग एनगुएन को हराकर मंगोलिया की ओटगोंटुया बयानमुंख के खिलाफ कांस्य पदक के मुकाबले में जगह बनाई।



## मोदी से मिला जापान का व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल, द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने पर हुई चर्चा



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को जापान एसोसिएशन ऑफ कॉरपोरेट एग्जिक्यूटिव्स के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने, निवेश के अवसरों को बढ़ाने और प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के मुद्दों पर चर्चा की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मोदी ने केइज़ाई दोयुकाई (जापान एसोसिएशन ऑफ कॉरपोरेट एग्जिक्यूटिव्स) के चेयरपर्सन ताकेशी निनामी और 20 अन्य व्यापार प्रतिनिधियों के प्रतिनिधिमंडल से भारत और जापान के बीच आर्थिक सहयोग को गहरा करने के लिए उनके विचार और सुझाव सुने। चर्चा में द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने, निवेश के अवसरों को बढ़ाने और कृषि, समुद्री उत्पाद, अंतरिक्ष, रक्षा, बीमा, प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा, नागर विमानन, स्वच्छ ऊर्जा, परमाणु ऊर्जा और एमएसएमई साझेदारी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। बयान में कहा गया है कि बैठक के दौरान, मोदी ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी पर प्रकाश डाला और व्यापार के अनुकूल माहौल प्रदान करने के भारत के दृढ़ संकल्प की पुष्टि की। उन्होंने भारत में जापानी निवेश को सुविधाजनक बनाने और तेजी लाने के लिए देश में विकसित जापान प्लस प्रणाली का जिक्र किया।

## भारत में इंटर्नशिप के अवसर तीन साल में दोगुना हुए : रिपोर्ट

**मुंबई :** देश में इंटर्नशिप के अवसर पिछले तीन साल में दोगुना हो गए हैं, क्योंकि संगठन युवा पेशेवरों को उद्योग के लिए तैयार कौशल से लैस करने की कोशिश कर रहे हैं। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। वैश्विक नौकरी साइट इनडीड की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इंटर्नशिप अब सभी के ध्यान का केन्द्र बन गया है क्योंकि कंपनियां युवा प्रतिभाओं को वास्तविक दुनिया के कौशल से लैस करने के लिए कमर कस रही हैं। इनडीड के आंकड़ों के अनुसार, भारत में पिछले तीन वर्षों (फरवरी, 2022 से फरवरी, 2025 तक) में इंटर्नशिप के लिए सूचना (पोस्टिंग) में 103 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो इस बात को रेखांकित करता है कि कैसे उद्योग अकादमिक और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच की खाई को पाटने के लिए इंटर्नशिप को दोगुना कर रहे हैं। इनडीड की रिपोर्ट फरवरी, 2022 से फरवरी, 2025 तक के अपने मंच पर आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है। इसमें आगे बताया गया कि जैसे-जैसे उद्योग विकसित हो रहे हैं- विशेष रूप से एआई, डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल बदलाव, कंपनियां न केवल व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए इंटर्नशिप का उपयोग कर रही हैं, बल्कि शुरुआत में ही शीर्ष प्रतिभाओं को खोजने और तैयार करने के लिए भी इसका उपयोग कर रही हैं। इंटर्नशिप खोज (सर्च) के मामले में दिल्ली, कर्नाटक और महाराष्ट्र सबसे आगे हैं, जिनकी कुल सर्च में क्रमशः 7.2 प्रतिशत, 6.8 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत हिस्सेदारी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में औसत इंटर्नशिप भत्ता 25,432 रुपये प्रति माह है, लेकिन हैदराबाद, बेंगलुरु, मुंबई, पुणे और गुरुग्राम जैसे शहर इस राष्ट्रीय औसत से अधिक मानदेय देते हैं।

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत आगे बढ़ रही, दोनों देशों के लिए होगा फायदेमंदः गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर जारी बातचीत 'अच्छी तरह' आगे बढ़ रही है और यह दोनों देशों के लिए फायदेमंद होगा तथा देश के हितों की रक्षा करेगा। गोयल ने यह भी कहा कि वह कृषि, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ा सहित विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों के साथ निरंतर बातचीत कर रहे हैं। गोयल ने कहा कि सभी लोग अमेरिका के साथ संभावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर 'बहुत' उत्साहित हैं। उन्होंने यहां 'टाइम्स नाऊ' शिखर सम्मेलन में कहा, 'चर्चा जारी है। यह अच्छी तरह से आगे बढ़ रही है और यह अमेरिका और भारत दोनों के लिए फायदेमंद होगा।' यह पूछे जाने पर कि क्या भारतीय उद्योग को अपनी कमर कस लेनी चाहिए और क्या दो अप्रैल को कोई उथल-पुथल वाली स्थिति होगी, वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत की विकास गाथा बरकरार रहेगी और देश वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूती देना जारी रखेगा। उन्होंने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश अपने आदर्श वाक्य 'भारत प्रथम' के साथ अपनी अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाता रहेगा। हम इस बात को लेकर बहुत प्रतिबद्ध और आश्वस्त हैं कि भारत एक वैश्विक महाशक्ति बनाएंगे...।' गोयल ने कहा, ''विमानों की उड़ान में उथल-पुथल की स्थिति हो सकती है, लेकिन पायलट और कमांडर स्थिति पर पूरा नियंत्रण रखते हैं। और उड़ान न केवल सुरक्षित रूप से उतरेगी, बल्कि सफल उड़ानों की सफल वृद्धि की कई और यात्राएं करेगी और हम विकसित भारत 2047 के अपने लक्ष्य तक पहुंचेंगे।'' अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अप्रैल से भारत सहित अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की है। इस लिहाज से गोयल का बयान महत्वपूर्ण है।

## एफआईआई की खरीदारी, बड़ी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 318 अंक चढ़ा



**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 318 अंक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी तथा बजाज फाइनेंस जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से तेजी को समर्थन मिला। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के बीच वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और औषधि कंपनियों के शेयरों में नरम रुख से शेयर बाजारों में तेजी सीमित रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 317.93 अंक यानी 0.41 प्रतिशत चढ़कर 77,606.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 458.96 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 105.10 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,591.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, जोमैटो, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और टाइटन सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। आयातित कारों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद टाटा मोटर्स में 5.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और महिंद्रा एंड महिंद्रा भी नुकसान में रहे। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार पूंजी प्रवाह और प्रमुख कंपनियों के शेयरों की खरीद के कारण बाजार बढ़त में रहा। हालांकि, ट्रंप के वाहन आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क ने वाहन कंपनियों के शेयरों को प्रभावित किया है। साथ ही दवा कंपनियों के भीतर चिंताएं बढ़ा दी हैं।' उन्होंने कहा, 'इन चुनौतियों के बावजूद, बाजार ने मजबूती दिखाई। इसे वित्त वर्ष 2025-26 में दहाई अंक में कंपनियों की आय वृद्धि की उम्मीदों से समर्थन मिला...।'

### रिजर्व बैंक अप्रैल में रेपो दर में कर सकता है एक-चौथाई प्रतिशत की कटौतीः इंडिया रेटिंग्स

**नयी दिल्ली :** साख तय करने वाली और शोध एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति आर्थिक वृद्धि को गति देने के इरादे से अगले महीने अपनी समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकती है। इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री और सार्वजनिक वित्त प्रमुख देवेंद्र कुमार पंत ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति घटकर 4.7 प्रतिशत रहेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में मौद्रिक नीति में कुल मिलाकर 0.75 प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है।' उन्होंने कहा कि हालांकि, अगर अमेरिका के जवाबी शुल्क का प्रभाव अपेक्षा से अधिक हुआ, तो ऐसे में आरबीआई मौद्रिक नीति के मोर्चे पर अधिक ढील दे सकता है।

## न्यूज अपडेट

### सोना 365 रुपये बढ़कर 91,000 रुपये के स्तर पर, चांदी में भी तेजी

**नयी दिल्ली :** मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 365 रुपये बढ़कर 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 365 रुपये की तेजी के साथ 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। इसका पिछला बंद भाव 90,235 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बुधवार को घोषित नए वाहन शुल्क के बाद वैश्विक जोखिम धारणा बढ़ने के कारण सोने में बढ़त बरकरार है।'

### अदाणी की 10 कंपनियों के शेयर चढ़े, अदाणी एनर्जी में नौ प्रतिशत का उछाल

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह की 10 कंपनियों के शेयरों में बृहस्पतिवार को तेजी आई। इनमें अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर करीब नौ प्रतिशत चढ़ गया। शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच बीएसई पर अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का शेयर 8.84 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी 5.25 प्रतिशत, अदाणी पावर 4.39 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस 2.32 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स 2.13 प्रतिशत, अदाणी एंटरप्राइजेज 2.05 प्रतिशत, अदाणी विल्मर 1.85 प्रतिशत, सांघी इंडस्ट्रीज 1.66 प्रतिशत, एसीसी 1.44 प्रतिशत और अदाणी पोर्ट्स 1.38 प्रतिशत के लाभ में रहे।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना की शुरू

**नयी दिल्ली :** बैंक ऑफ बड़ौदा ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी (पीएम-विद्यालक्ष्मी) योजना शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता चाहने वाले छात्रों के लिए केंद्र सरकार की एक पहल है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वित्तीय बाधाएं भारत के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न करें। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने बयान में कहा, आवेदक पीएम-विद्यालक्ष्मी मंच के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा से पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण के लिए डिजिटल रूप से आवेदन कर सकते हैं।

### सरकार 2025-26 की पहली छमाही में आठ लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाएगी

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2025-26 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के दौरान दीर्घकालीन प्रतिभूतियों के जरिये आठ लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाने की योजना बना रही है। यह राशि राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए जुटायी जाएगी। आधिकारिक बयान के अनुसार, 2025-26 के लिए बाजार से कुल 14.82 लाख करोड़ रुपये का कर्ज जुटाये जाने का अनुमान है। इसमें से लंबी और निश्चित परिपक्वता अवधि वाली प्रतिभूतियों के माध्यम से पहली छमाही में आठ लाख करोड़ रुपये यानी 54 प्रतिशत कर्ज लेने की योजना है। इसमें 10,000 करोड़ रुपये के सरकारी हरित बॉन्ड शामिल हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में अगले वित्त वर्ष में राजस्व की कमी को पूरा करने के लिए दीर्घकालीन प्रतिभूतियां जारी कर 14.82 लाख करोड़ रुपये उधार लेने का प्रस्ताव किया है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4189 अंक 339, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in